श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 296, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 22 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### अरे माई-बाप आप तो राज परिवार से हैं, मैं तो एक सामान्य परिवार की संतान हूं: मोदी

## 'कांग्रेस नर्मदा बांध के विरोधियों के साथ'





**सुरेंद्रनगर:** तेलंगाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष की गालियों को पोषण का सोर्स बताया था। अब गुजरात में पीएम ने कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री के औकात वाले बयान पर तंज कसा है। सुरेंद्रनगर में सोमवार की सभा में मोदी ने कहा- मैं तो जनता का सेवक हूं, मेरी औकात ही क्या है। कांग्रेस नेता मधुसूदन मिस्त्री ने कहा था- चुनाव में पीएम मोदी को औकात दिख जाएगी। सुरेंद्रनगर में पीएम ने कहा, 'कांग्रेस वाले कहते हैं कि मोदी को औकात दिखा देंगे। अहंकार है भाइयों अहंकार, मोदी को औकात दिखा देंगे। अरे माई-बाप आप तो राज परिवार से हैं, मैं तो एक सामान्य परिवार की संतान हूं। मेरी कोई औकात नहीं है। तुम मेरी औकात मत दिखाओ। मैं तो सेवादार हूं, नौकर हूं, सेवादार की कोई औकात नहीं होती है।'

**मोदी बोले- औकात बनाने का खेल छोड़ दो भाई:** सुरेंद्रनगर में मोदी बोले, 'तुमने मुझे नीच कहा, नीची जाति का कहा। तुमने मौत का सौदागर कहा, गंदी नाली का कीड़ा कहा। तुम औकात बताने की बात कह रहे हो, हमारी कोई औकात नहीं है। मेहरबानी करके विकास के मुद्दे की चर्चा करो। विकसित गुजरात बनाने के लिए मैदान में आओ। औकात बनाने का खेल छोड़ दो भाई।'

**राहुल गांधी की यात्रा पर भी मोदी का निशाना:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो लोग सत्ता से बाहर किए जा चुके हैं, वे यात्रा के जरिए वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने लगातार दूसरे दिन नर्मदा प्रोजेक्ट की बात दोहराते हुए कहा- नर्मदा डैम परियोजना को तीन दशक तक ठप रखने वाली महिला के कंधे पर हाथ रखकर पदयात्रा करते हुए कांग्रेस नेता नजर आए हैं। यह चुनाव नर्मदा प्रोजेक्ट का विरोध करने वालों को हराने का चुनाव है। गुजरात में मोदी के इलेक्शन कैंपेन में अब तक क्या कुछ हुआ, यह जानने से पहले यह जान लीजिए कि प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की रैली में विपक्ष की गालियों को लेकर क्या कहा था

**रोज 2-3 किलो गाली खाता हूं: मोदी**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 नवंबर को हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर जनता को संबोधित करते हुए कहा था उन्हें रोजाना 2-3 किलो गाली मिलती हैं, लेकिन उनका शरीर उन गालियों को पोषण में बदल देता है। यह बात उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं कि मोदी जी आप थकते नहीं है क्या, तो मैं उनसे कहता हूं कि भगवान ने मेरे शरीर में कुछ ऐसा मैकेनिज्म बनाया है कि गालियां प्रोसेस होकर न्यूट्रिशन बन जाती हैं।

### 'जनता से सेवा का एक और मौका मांगा'

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सोमनाथ के बाद धोराजी में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जनता से सेवा का एक और मौका मांगा। पीएम मोदी ने कहा कि जिस गुजरात में पहले साइकिल तक नहीं बनती थी, अब हवाई जहाज बनने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नेता देश में यात्रा कर रहे हैं। उनकी पार्टी के नेताओं से जनता को पूछना चाहिए कि राजकोट में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने क्या किया है। कांग्रेस के शासन में तो हैंडपंप लगाकर पल्ला झाड़ लिया जाता था।

बोटाद रैली- गुजरात की जनता जीत का फैसला कर चुकी

प्रधानमंत्री मोदी ने धोराजी के बाद बोटाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर तरफ से एक ही बात सुनने को मिल रही है फिर एक बार मोदी सरकार...। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, गुजरात की जनता ने अभूतपूर्व जीत का फैसला किया है। यह चुनाव न केवल अगले पांच वर्षों के लिए है, बल्कि यह निर्धारित करेगा कि गुजरात 25 वर्षों के बाद कैसा दिखेगा।

## श्रद्धा के टुकड़े तलाश रही पुलिस को मिला इंसानी जबड़ा



**नई दिल्ली:** दिल्ली के श्रद्धा वालकर मर्डर केस में श्रद्धा की लाश के टुकड़े ढूंढने के दौरान दिल्ली पुलिस को एक इंसानी जबड़ा मिला है। यह जबड़ा श्रद्धा का है या नहीं, ये पता लगाने के लिए एक डेन्टिस्ट की मदद ली जा रही है। एजेंसी के मुताबिक, डेन्टिस्ट ने बताया, पुलिस मेरे पास एक जबड़े का फोटो लेकर आई थी, जो उन्हें जांच के दौरान मिला। मैंने पुलिस से कहा कि मुंबई में जिस डॉक्टर ने श्रद्धा का रूट-कैनाल ट्रीटमेंट किया था, उससे श्रद्धा के जबड़े का एक्स-रे मांगिए। बिना एक्स-रे के कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

**नहीं हुआ आफताब का नार्को टेस्ट:** वहीं, आरोपी आफताब का नार्को टेस्ट नहीं हुआ। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के अधिकारी ने कहा कि नार्को टेस्ट से पहले उसके इमोशनल, साइकोलॉजिकल और फिजिकल हेल्थ का पता लगाने के लिए प्री-नार्को टेस्ट किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अगर इनमें से किसी भी रिपोर्ट में गड़बड़ी पाई जाती है तो नार्को एनालिसिस टेस्ट नहीं होगा। फोरेंसिक साइकोलॉजी डिवीजन हेड डॉ. पुनीत पुरी ने बताया कि पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए व्यक्ति की अनुमति चाहिए होती है। अगर हमें कोर्ट के आदेश मिल जाते, तो 10 दिनों में पॉलीग्राफ, साइकोलॉजिकल और नार्को टेस्ट के सारे काम पूरे हो जाते। यह टेस्ट रोहिणी के डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में किया जाएगा।

### धामी कैबिनेट: 14 साल का ही होगा आजीवन कारावास

**देहरादून: प्रदेश** मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 18 प्रस्ताव आए जिन सभी पर कैबिनेट की मुहर लग गई। कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए आजीवन कारावास की अवधि 14 साल कर दी है। पहले महिला को 14 से 16 और पुरुष की 16 से 18 के बीच की अवधि थी। इसके बाद इन्हें छोड़ा जा सकता था।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन: प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण लगभग पूरा



**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया कि उपनगरीय विक्रोली में गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के स्वामित्व वाले भूखंड को छोड़कर मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की पूरी लाइन पर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए विक्रोली में कंपनी के स्वामित्व वाली भूमि के अधिग्रहण को लेकर राज्य सरकार और कंपनी 2019 से कानूनी विवाद में उलझे हुए हैं। मुंबई और अहमदाबाद के बीच कुल 508.17 किमी रेल ट्रैक में से लगभग 21 किमी भूमिगत निर्माण होना है। भूमिगत सुरंग के प्रवेश बिंदुओं में से एक विक्रोली (गोदरेज के स्वामित्व वाली) भूमि पर पड़ता है। कंपनी ने पिछले महीने एक याचिका दायर कर बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा 15 सितंबर को पारित आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति आर डी धानुका और न्यायमूर्ति एस जी दिगे की खंडपीठ ने सोमवार को कहा कि वह याचिका पर पांच दिसंबर से सुनवाई शुरू करेगी। राज्य सरकार की ओर से पेश एडवोकेट जनरल आशुतोष कुंभकोनी ने कहा कि मामला अत्यावश्यक था क्योंकि परियोजना रुकी हुई है। कुंभकोनी ने कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक पूरी जमीन मुंबई से अहमदाबाद तक है। इस पैच (गोदरेज के स्वामित्व वाली) को छोड़कर जमीन का पूरा अधिग्रहण पूरा हो चुका है।

### वन ट्रिलियन डालर इकोनामी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में यूपी एक अहम पहल करने जा रहा

## यूपी में निवेशकों का दिखेगा दम



**यूपी में निवेशकों का दिखेगा दम**
लखनऊ: वन ट्रिलियन डालर इकोनामी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में उत्तर प्रदेश एक अहम पहल करने जा रहा है। दरअसल, यूपी में इनवेस्टर्स समिट फरवरी के दूसरे हफ्ते में प्रस्तावित है और इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। यूपी इनवेस्टर समिट 2023 के कर्टन रेजिंग प्रोग्राम का आयोजन 22 नवंबर, 2022 को दिल्ली के सुषमा स्वराज प्रवासी भारतीय भवन में होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हो रहे इस कर्टन रेजिंग सेरेमनी में इनवेस्टर्स की इज आफ इनवेस्टमेंट को ध्यान में रखकर दो पोर्टल्स का शुभारंभ भी किया जाएगा। साथ ही ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट को लेकर एक शार्ट फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान यूपी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के जुड़े लोगो को भी लांच किया जाएगा।

**प्रेजेंटेशन के जरिए प्वाइंट्स होंगे हाईलाइट:** यूपी सरकार इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है और इसमें सीआईआई व फिक्की इंडस्ट्री पार्टनर की भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआती सत्र में केंद्रीय सार्वजिनक क्षेत्रों के मुख्य प्रबंधक व राजदूतों के साथ संवाद किया जाएगा। फिर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत आगाज होगा। कार्यक्रम में डीएस मिश्रा (मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार) का प्रारंभिक संबोधन होगा जिसके बाद यूपी में इनवेस्टमेंट की संभावनाओं को दर्शाती प्रस्तुतिकरण अरविंद कुमार (अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश) की उपस्थिति में की जाएगी। सीआईआई व फिक्की की ओर से भी क्रार्यक्रम को ब्रीफ किया जाएगा।

**लोगो और कई अहम पोर्टल्स का उद्घाटन:** यूपी जीआईएस 23 का लोगो और टैगलाइन भी अनावृत किया जाएगा। इसके साथ-साथ यूपी शासन के संकलन का अनावरण, आनलाइन प्रोत्साहन प्रबंधन पोर्टल का शुभारंभ, निवेश सारथी और यूपी जीआईएस 2023 की आफिशियल वेबसाइट का भी शुभारंभ होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में यूपी जीआईएस की एक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

**यूपी जीआईएस 2023 इसलिए है खास:** यूपी को वन ट्रिलियन यूएस डालर की इकानमी बनाने की दिशा में योगी सरकार विशेष तौर पर प्रयास कर रही है।

## राज्यपाल कोश्यारी को हटाएं केंद्र: शिंदे गुट

**मुंबई:** छत्रपति शिवाजी महाराज पर टिप्पणी को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के विरोध में अब शिंदे गुट भी शामिल हो गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने मंगलवार को मांग की कि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में उनकी हालिया टिप्पणी के लिए राज्य से बाहर भेज दिया जाए। उधर, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि शिवाजी महाराज हमारे भगवान हैं। हम उनका माता-पिता से भी ज्यादा आदर करते हैं। राज्यपाल कोश्यारी ने शनिवार को कहा था कि शिवाजी पुराने दिनों के आइकॉन थे। उन्होंने बाबासाहेब अंबेडकर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को राज्य का आइकॉन बताया था। राज्यपाल ने औरंगाबाद में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और ठउढ अध्यक्ष शरद पवार को डी लिट देने के लिए आयोजित समारोह में यह बात कही थी।

**जो इतिहास नहीं जानते, उन्हें बाहर करें:** संजय गायकवाड़ ने कहा, 'राज्यपाल को यह समझना चाहिए कि छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श कभी पुराने नहीं पड़ते और उनकी तुलना दुनिया के किसी भी महान व्यक्ति से नहीं की जा सकती है। केंद्र में भाजपा नेताओं से मेरा अनुरोध है कि एक ऐसा व्यक्ति जो राज्य के इतिहास को नहीं जानता है और यह कैसे काम करता है, इसे कहीं और भेजा जाए।'

**बुलढाना से विधायक हैं संजय गायकवाड़:** संजय गायकवाड़ महाराष्ट्र के बुलढाना से विधायक हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मराठा साम्राज्य के संस्थापक पर टिप्पणी की है। वे पहले भी ऐसा विवाद खड़ा कर चुके हैं।

## छावला गैंगरेप केस: रिव्यू पिटीशन दायर करेगी दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार छावला गैंगरेप मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्नविचार याचिका दायर करेगी। रिव्यू पिटीशन दायर करने के लिए एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मामले में सरकार का पक्ष रखेंगे। दरअसल 2012 में हुए छावला गैंगरेप केस में सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को 3 दोषियों को बरी कर दिया था, जबकि हाईकोर्ट और निचली अदालत ने इन्हें फांसी की सजा सुनाई थी। पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 19 साल की लड़की से गैंगरेप के मामले में फांसी की सजा सुनाते हुए दोषियों के लिए बेहद तल्ख टिप्पणी की थी। हाईकोर्ट ने कहा था- ये वो हिंसक जानवर हैं, जो सड़कों पर शिकार ढूंढते हैं। इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पलट दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कानून अदालतों को किसी आरोपी को केवल भावनाओं और संदेह के आधार पर सजा देने की अनुमति नहीं देता है। माता-पिता ने आरोपियों के डर से पुलिस से मांगी सुरक्षा

दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एलजी ने तीनों आरोपियों को बरी करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के बरी होने के बाद से मृतक के माता-पिता को डर है कि वह कहीं उन्हें कोई नुकसान न पहुंचाए।

### इंडोनेशिया में भूकंप से 56 की मौत

**जकार्ता: इंडोनेशिया** में सोमवार को आए भूकंप में 56 लोगों की मौत हो गई। 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। राजधानी जकार्ता समेत आसपास के इलाकों में लोग दहशत में बाहर निकल आए। इमारतों को खाली करवा दिया गया है। भूकंप की तीव्रता 5.6 थी और इसका सेंटर जावा के सियांजुर में था। एक अधिकारी ने बताया कि एक ही अस्पताल में 20 लोगों की मौत हुई है। इससे आशंका जाहिर की जा रही है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

इमारतें खाली कराई गईं, आफ्टर शॉक्स की आशंका: सोशल मीडिया पर भूकंप के कुछ वीडियो शेयर किए जा रहे हैं।

## ब्लास्ट से पहले खुद को हिंदू बताता रहा शारिक




**बेंगलुरु: मंगलुरु में** शनिवार को ऑटो में हुए धमाके के मामले में रोज नई परत खुल रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मोहम्मद शारिक कुकर बम लेकर ऑटो में पैसेंजर बनकर बैठा था। उसका टारगेट शहर का भीड़-भाड़ वाला इलाका था। गनीमत रही कि बम ऑटो में ही फट गया और खुद शारिक इसका शिकार हो गया। वह 40 फीसदी तक जल चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपी शारिक ने ऑटो में बैठते ही कहा कि उसे पंपवेल एरिया जाना है। शारिक विस्फोटक को नगौरी में प्लांट करना चाहता था, लेकिन इससे पहले ही इसमें विस्फोट हो गया। फिलहाल पुलिस की देखरेख में ऑटो चालक और आरोपी शारिक का इलाज चल रहा है। कर्नाटक के हेल्थ मिनिस्टर के. सुधाकर ने कहा कि शारिक ऑटो में हिंदू होने का दिखावा कर रहा था, ताकि किसी को उस पर शक न हो। इसके लिए वह एक आधार कार्ड भी दिखा रहा था, जिस पर हिंदू नाम था। यह कार्ड उसने एक रेलवे कर्मचारी से चुराया था, जिसे पुलिस ने लौटा दिया है।

**टेरर लिंक तलाश रही पुलिस:** उन्होंने कहा कि हर एंगल की पड़ताल की जा रही है। हम यह भी पता लगा रहे हैं कि क्या मोहम्मद शारिक अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों, बैन किए गए संगठनों या स्लीपर सेल से जुड़ा हुआ है। हमारा राज्य केरल से लगा हुआ है, इसलिए स्लीपर सेल से जुड़े होने की आशंका बढ़ जाती है। पुलिस ने बताया कि वह शारिक इस्लामिक स्टेट के हैंडलर्स के संपर्क में था।

**कोयंबटूर जाकर ब्लास्ट करने वालों से मिला था शरीक:** के. सुधाकर ने कहा कि कुछ महीने पहले तमिलनाडु के कोयंबटूर में भी ऐसा ही एक हादसा हुआ था।

## पीएम 71 हजार युवाओं को बाटेंगे अपॉइंटमेंट लेटर



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को रोजगार मेले के तहत 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री ने पिछले माह 22 अक्टूबर को 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान रोजगार मेला का शुभारंभ करते हुए 75 हजार नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रोजगार मेले के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 नवंबर को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 71,000 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नव नियुक्ति युवाओं को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेले से आगे रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और सीधे राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने की उम्मीद है।

# गौतस्कर हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुजफ्फर की करोड़ो की संपत्ति कुर्क

## अपराध जगत से अर्जित की गई संपत्ति पर फिर चला योगी सरकार का बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कुख्यात अपराधी गोतस्कर मो मुजफ्फर के द्वारा अपराध जगत से अर्जित की गई संपत्ति पर एक बार फिर से योगी सरकार का बुलडोजर चलाया गया। मुजफ्फर की संपत्ति को खोज - खोजकर नेस्तनाबूत किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जनपद प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज राजेश कुमार मौर्या मय पुलिस टीम एवं उपजिलाधिकारी चायल जनपद कौशाम्बी के नेतृत्व में राजस्व टीम की उपस्थिति में जिला मजिस्ट्रेट निर्णित कुर्की का आदेश जारी किया गया।प्रयागराज के नामजद अभियुक्त मो० मुजफ्फर पुत्र स्व0 मुख्तार अहमद निवासी बेगम बाजार थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज निवासी चफरी थाना नवाबगंज प्रयागराज द्वारा अपराध जगत से अर्जित धन से अपने भाई मो0 अकरम व उसकी पत्नी गुलिस्ता बानो के नाम तहसील चायल जनपद कौशाम्बी में क्रय की गयी अचल सम्पत्ति को नियमानुसार गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क किये जाने की आवश्यक कार्यवाही की गयी। उक्त सम्पत्ति की अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है।दिनांक 01.11.2018 को थाना धूमनगंज पर 01 डीसीएम में 1800 किग्रा0 प्रतिबन्धित गौ मांस पकड़ा गया था जिसके सम्बन्ध में थाना धूमनगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। गौ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुजफ्फर आदि के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुजफ्फर उपरोक्त के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। मुकदमा की विवेचना संकलित साक्ष्य से अभियुक्त मो0 मुजफ्फर द्वारा अपने साथियों के साथ संगठित गिरोह बनाकर गौ- मांस तस्करी व पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने के संबंध में थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज में गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान हिस्ट्रीशीटर अपराधी मुजफ्फर द्वारा अपराध जगत से अर्जित सम्पत्ति को चिन्हित कर गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क करने की कार्यवाही की जा रही है।गौ तस्कर अपराधी मुजफ्फर थाना पूरामुफ्ती का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, इसका मुख्य पेशा गो तस्करी है। पूर्व में प्रयागराज पुलिस द्वारा दिनांक 05.08.2022 को मो0 मुजफ्फर के भाइयों व सगे सम्बन्धियों की 16 संपत्तियां अनुमानित कीमत 04 करोड़ 85 लाख 45 हजार 350 रुपये तथा दिनांक 16.09.2022 को बेला नगर सांई मंदिर कालोनी नगर निगम जोन 06 स्थित 02 अचल संपत्तियां अनुमानित कीमत 11.5 करोड़ रुपये को कुर्क किया जा चुका है। मुजफ्फर द्वारा अपराध जगत से अर्जित अन्य सम्पत्तियो की खोजबीन कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी कुर्क की गयी अचल सम्पत्ति का विवरण 1. गाटा सं0- 571 रकबा 0.6678 हे) मौजा भीटी देहमाफी तहसील चायल जनपद कौशाम्बी। 2. खाता सं0 376 व 377 रकबा 14.5 विस्वा मौजा भीखनापुर तहसील चायल जनपद कौशाम्बी। 3. खाता सं0 73 गाटा सं0 112 रकबा 05 बिसवा मौजा भिखनापुर तहसील चायल कौशाम्बी की संपत्तियों को कुर्क किया गया है ।



# थाना प्रभारी निरीक्षक बारा ने टेम्पो चालकों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** यातायात माह नवम्बर में सोमवार को बारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा व सह-इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान ने अपनी पुलिस टीम के साथ बारा चौराहे पर टेंपो (ऑटो) चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने टेम्पो (ऑटो) चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि ऑटो चलाते समय कान में लीड लगाकर बात न करें, ओवरलोड सवारी न बैठाएं।रात में गाड़ी चलाते समय हमेशा गाड़ी में रिफ्लेक्टर लगायें,जिससे सामने आने वाले को आपकी गाड़ी दिखाई दे, और कोई हादसा होने से पहले ही टल जाय।आगे बढ़ने से पहले आगे और पीछे अवश्य देखकर ही ओवरटेक करें।अपनी गाड़ी लिमिट स्पीड पर ही चलायें।चलती गाड़ियों में साउंड तेजी से न बजाएं,क्योंकि सतर्कता बरतने से हादसों को टाला जा सकता है। यातायात नियमों की जानकारी देते समय टेंपो चालकों के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# भागवत कथा के पूर्व संध्या पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** चकिया घरहरा गांव में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा शुभारंभ के पूर्व संध्या पर सोमवार को आचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी जी के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा को कथा स्थल से प्रारंभ कर पूरे गांव मोहल्लों में घुमाया गया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल भक्त महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए भगवान के जयकारे लगाए। कलश यात्रा में भक्त नर नारियों ने गाजे-बाजे के साथ भक्ति संगीत पर नाचते गाते वापस कथा स्थल पर पहुंचे। तत्पश्चात मुख्य यजमान डॉक्टर श्याम नारायण पांडे एवं श्रीमती धनराजी देवी ने यज्ञ मंडप एवं आवाहित देवी देवताओं की आचार्य विद्वानों द्वारा विधि विधान से पूजन, धूप दीप कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉक्टर बृजनारायण पांडे, इन्द्र नारायण पांडे, अधिवक्ता शिव नारायण पांडे, रामनाथ पांडे सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# कुशल चिकित्सको के नेतृत्व में 58 मरीजों का निशुल्क आंख का हुआ ऑपरेशन

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम के अंतर्गत संचालित बाबा भगवान राम चिकित्सालय मोहब्बत गंज उपहार चाका ब्लाक के माध्यम से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था जिसके अंतर्गत शनिवार को मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय( एम डी आई नखास कोना प्रयागराज) में कुशल चिकित्सकों के माध्यम से एवं परम पूज्य अघोर मूर्ति श्रद्धेय श्री भैया जी के संरक्षण में 58 मोतियाबिंद से व्यथित मरीजों का ऑपरेशन करा कर उन्हें नई ज्योति प्रदान करने का कार्य किया गया परम पूज्य अघोर मूर्ति श्रद्धेय भैया जी ने उक्त कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन मे कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं लेकिन जो अपने एवं अपने परिवार के साथ समाज के हितों में लगा रहता है वही आदमी आदमी है किसी को नेत्र ज्योति प्रदान करना एक बहुत ही महान कार्य है इस कार्य में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए आज के समय काल में निस्वार्थ भाव से सेवा का अभाव हो गया है धीरे-धीरे यह लुप्त होता जा रहा है हम सभी को ऐसे महान कार्यों मैं बढ़-चढ़कर मानवता के सेवा कार्य करना चाहिए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के सभी सदस्य एवं बाबा भगवान राम चिकित्सालय के स्वयंसेवक एवं बाबा भगवान राम चिकित्सालय के चिकित्सकों ने पूरी तन्मयता एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने दायित्वों की पूर्ति की है परम पूज्य अघोरेश्वर बाबा भगवान राम जी ने अपने आशीर्वचन में कहा है( तू कुछ ना बन , बस मनुष्य बन जा) उक्त सूचना मीडिया प्रभारी जैनेंद्र साहब के माध्यम से दी जा रही है।

# सड़क पर सदैव करें ट्रैफिक नियमों का पालन: एसपी यमुनापार

### न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में एसपी यमुनापार ने बच्चों को किया जागरुक, बच्चों ने यातायात नियमों से संबंधी बनाई रंगोली

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात माह को लेकर शंकरगढ़ के सिंधी टोला में स्थित न्यू चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में पुलिस अधीक्षक यमुनापार ने पाठशाला लगाकर यातायात के नियमों की जानकारी दी और बच्चों से सदैव ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित ने कहा यातायात नियमों के पालन से सड़क पर होनेवाले हादसों में भारी कमी आती है।

यातायात जागरुकता माह नवंबर के उपलक्ष्य में समूचे जनपद में जागरुकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शंकरगढ़ के न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित व क्षेत्रधिकारी बारा संतलाल सरोज ने जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित किया। विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक यमुनापार ने कहा कि आप सभी लोग यातायात के नियमों का अनुसरण एवं पालन करें अपने परिजनों, पास पडोस के लोगो को जागरूक करें। उनसे बताएं कि जब भी घर से दो पहिया वाहन से निकले तो हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। जबकि चार पहिया वाहन चलाते व बैठने वाले लोग सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

एसपी यमुनापार ने कहा, गाडी हमेशा बाएं (अपनी साइड) चलाएं। रोड क्रास करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग जरूर करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कतई न करें और दो पहिया वाहन में तीन सवारी न करें। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों द्वारा यातायात नियमों के पालन करने संबंधी चित्रकारी व रंगोली पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की तरफ से पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए लोगों से यातायात के नियमों के पालन करने की अपील की गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्र, बीएल सोनी, अंकुश मिश्र, अनुज मिश्र, रवि सिंह, अंजू केसरवानी, इंद्रजीत मिश्र, ओपी गुप्ता, सुशांत वर्मा, राहुल राव, योगेश पांडेय, प्रियांशी सिंह, साक्षी पांडेय, वैशाली सिंह, निकिता पांडेय मौजूद रहीं।



## देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल में मेडिकल कैम्प का हुआ आयोजन

**नैनी।** चाका ब्लॉक के अति पिछड़े क्षेत्र बसवार में रविवार को निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन देव स्पोर्ट्स पब्लिक स्कूल किया गया। इस मेडिकल कैम्प का क्षेत्रीय नागरिकों ने भरपूर लाभ उठाया तथा उन्होंने आये हुए डॉक्टर और आयोजकों को धन्यवाद दिया इस कैम्प इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सुबोध जैन, सचिव डॉ आशुतोष गुप्ता, शिविर संयोजक डॉ शार्दूल सिंह, डॉ युगान्तर पाण्डेय, डॉ सुभाष चन्द्र वर्मा, डॉ चन्द्रशेखर, डॉ विनीता मिश्रा, डॉ तरू पाण्डेय, डॉ अशोक अग्रवाल, डॉ अतुल दूबे, डॉ भूपेंद्र पाण्डेय, डॉ उत्सव सिंह, डॉ मोना दूबे, डॉ त्रिभुवन सिंह आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक श्री चन्द्रभान राय जी ने समस्त क्षेत्रवासियों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को कुशल स्वास्थ्य एवं समृद्धि की शुभकामनाएं देते हुए समस्त डाक्टर समूह का आभार व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य शशांक शर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियो को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर चेक-अप कराने एवं डाक्टरों के बेहतर चेक-अप हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया

# जंघईः भागवत कथा में छठवें दिन हुआ कृष्ण और रुक्मिणी का विवाह

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** महाराज भीष्म अपनी पुत्री रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण से करना चाहते थे, परन्तु उनका पुत्र रुक्मणी राजी नहीं था वह रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से करना चाहता था रुक्मिणी इसके लिए जारी नहीं थीं। विवाह की रस्म के अनुसार जब रुक्मिणी माता पूजन के लिए आईं तब श्रीकृष्णजी उन्हें अपने रथ में बिठा कर ले गए तत्पश्चात रुक्मिणी का विवाह श्रीकृष्ण के साथ हुआ। ऐसी लीला भगवान के सिवाय दुनिया में कोई नहीं कर सकता। यह कथा सोमवार को आशीर्वाद गेस्टहाऊस जंघई परिसर में चल रही भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ऐसा शास्त्र है जिसके प्रत्येक पद से रस की वर्षा होती है इस शास्त्र को शुकदेव मुनि राजा परीक्षित को सुनाते हैं। राजा परीक्षित इसे सुनकर मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं प्रभु की प्रत्येक लीला रास है। हमारे अंदर प्रति क्षण रास हो रहा है, सांस चल रही है तो रास भी चल रहा है, यही रास महारास है इसके द्वारा रस स्वरूप परमात्मा को नचाने के लिए एवं स्वयं नाचने के लिए प्रस्तुत करना पड़ेगा, उसके लिए परीक्षित होना पड़ेगा जैसे गोपियां परीक्षित हो गईं इस दौरान कृष्ण-रुक्मिणी की आकर्षक झांकी बनाई गई। जिनके दर्शन करने भक्तजन भाव विभोर हो गए इस अवसर पर मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद ऊमरवैश्य, मीरा देवी, ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, एडवोकेट मनोज कुमार बबीता देवी, मनीष कुमार बिंदू, आशीष कुमार गुंजन, पवन कुमार, कृष्ण कुमार, कामता प्रसाद, राधेश्याम तिवारी, रामवृक्ष मिश्रा, शिवधारी दुबे, मिलन दुबे, नन्हे मिश्रा पूर्व प्रधान, राजू भाईसाहब, केशरी सिंह, मनोज दुबे, प्रदीप कुमार, महेंद्र जायसवाल, धर्मराज तिवारी, विवेक कुमार जायसवाल, शैलेश पाठक, आयुष जायसवाल, राजन जायसवाल, सुभाष चन्द्र गुप्ता, सचिन सिंह, भरत लाल, कान्हा, किशन, शिवांश, शिवाय, कार्तिक, सावन, शुभ, श्रेयांश, श्याम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कमला पंप कैनाल बंद होने से बारा क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ी

**अखंड भारत संदेश**



**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के किसानों की सिंचाई का एकमात्र साधन कमला पंप कैनाल है जो कि विगत 1 माह से बंद है इस समय किसानों को पानी की अति आवश्यकता है धान की कटाई के बाद अब किसान गेहूं की तैयारी कर रहे हैं पलेवा के लिए किसानों को दरबदर भटकना पड़ रहा है क्षेत्र के सैकड़ों गांव बवनधर कोरारी भोंडी सुंदरपुर लोहगरा बारा पिपराव गींज रेही बैजला रिगवा सरसेडी आदि गावों के किसानों ने बताया कि कमला पंप कैनाल नहर बंद होने से हम लोगों को इस समय बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सरसों की खेती के लिए भी पानी की सख्त आवश्यकता है अगर खेतों को जल्द से जल्द पानी मुहैया नहीं कराया गया तो खेत सूख जाएंगे कुछ किसान तालाब एवं पोखरों से काम चला रहे हैं अधिकतर किसान केवल नहर के पानी से ही आश्रित है अगर समय रहते नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसानों की जीविका के मुख्य साधन के साथ खुलेआम खिलवाड़ होगा क्षेत्रवासियों को भारी संकट का सामना करना पड़ सकता है ।

# साइंस एक्सपो में छात्र दीनदयाल और अंकुश का मॉडल सर्वश्रेष्ठ

### जूनियर और सीनियर वर्ग में हुई प्रतियोगिता में टॉप फाइव बच्चों का मॉडल चुना गया

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** सोमवार को कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज में सीसीए कार्यक्रम के तहत ₹साइंस एक्सपो₹ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर लेवल के बच्चों ने भाग लिया।

कैंब्रिज हाईस्कूल एंट कालेज के छात्र अजय सिंह, तनीषा गुप्ता, वंशिका सुसारी, ज्योति द्विवेदी, ज्ञानेंद्र सोनी, कार्तिकेय, अनुराग, अमित, काजल सिंह, संजना सिंह, हर्ष सिंह, शांभवी सिंह, दीपावली सिंह, सृष्टि सिंह, उत्कर्ष सिंह, आदित्य राज, दीनदयाल मिश्र, आर्यन मिश्र, ओम राठौर, अनन्या लूथरा, दीपाली सिंह आदि ने राकेट लांचर, श्वसन प्रणाली, म्युजिकल मनी प्रिंटिंग, बारिश के पानी का संरक्षण, ज्वालामुखी प्रक्रिया, भूकंप सूचक यंत्र, उत्सर्जन प्रणाली, वायु प्रदूषण, ब्लूटूथ डीजे, जलप्रपात, संगम नगरी, वाइब्रेशन पर आधारित खिलौना, जलवायु परिवर्तन, रूम हिटर विद ब्लोवर, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, क्लीनर आदि पर बेहतरीन प्रोजेक्ट/मॉडल प्रस्तुत किया।

जूनियर स्तर पर दीनदयाल मिश्र, दिव्यांशी सिंह, आर्यन मिश्र, आदित्य राज, मानवी, श्रृष्टि और सीनियर स्तर पर अंकुश सिंह, अनुराग सिंह, मानस कुमार, वंशिता सुसारि, काजल सेन, अजय, राजीव कुमार ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने बच्चों के कौशल, हुनर, कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे ही बच्चे पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइल मैन अब्दुल कलाम आजाद के सपनों को साकार करते हुए अपने देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में सफल होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मणिशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, पंकज मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, सुधीर नारंग, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, यज्ञवल्क्य द्विवेदी, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु, फलक, दीपा, स्मिता, नैना शिक्षक व शिक्षिका और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## बुद्धि परीक्षण प्रतियोगिता में आयुषि, ओमकार अव्वल

**शंकरगढ़।** नवोदय शिक्षा केंद्र इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में सोमवार को बुद्धि परीक्षण की प्रतियोगिता आयोजित की गई। सीनियर और जूनियर वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और बुद्धि-विवेक से प्रश्नों का उत्तर दिया। इस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग से कक्षा 12 की आयुषि मिश्रा प्रथम व खुशी सिंह सेकंड, हर्ष मिश्रा सेकंड व पलक सिंह तृतीय रहीं। वहीं जूनियर वर्ग में ओमकार वर्मा प्रथम, शालिनी वर्मा सेकंड व संदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## माता-पिता गए थे लखनऊ, युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

**प्रयागराज।** ट्रांसपोर्ट नगर धूमनगंज के रहने वाले दीपांशु केसरवानी ने सोमवार को फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ट्रांसपोर्ट नगर के रहने वाले सुरेश केसरवानी की प्रीतम नगर में मोबाइल की दुकान है। सुरेश और उनका बेटा दीपांशु (28) दुकान पर बैठते थे। सुरेश की पत्नी की कुछ दिनों से तबियत खराब चल रही है। रविवार को सुरेश पत्नी को लेकर लखनऊ चले गए थे। दीपांशु घर में अकेला था। सोमवार की सुबह उसने प्रीतम नगर जाकर दुकान को खोला।कुछ देर बाद दुकान बंद कर घर आ गया। शाम को दीपांशु के चाचा ने देखा तो वह फांसी पर लटका है। उन्होंने सुरेश को फोन कर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। घर वाले घटना से स्तब्ध हैं। वह नहीं समझ पा रहे हैं कि दीपांशु ने आखिर ऐसा क्यों कर लिया।

# संगम देख अभिभूत हुए तमिलनाडु के मेहमान, हर-हर गंगे के लगाए जयकारे

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** वाराणसी के बाद काशी तमिल संगमम के प्रतिनिधि सोमवार की सुबह प्रयागराज पहुंचे। यहां दिन भर तीर्थराज की समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास से भी वे परिचित हुए। यहां संगम की अलौकिक छटा देखकर सभी मेहमान अभिभूत हो गए। यहां कुछ ने गंगा-यमुना के पवित्र संगम में डुबकी लगाई तो कुछ ने आचमन कर हर-हर गंगे के जयकारे लगाए। शाम को सभी 215 छात्र एवं अन्य लोग राम की नगरी अयोध्या के लिए रवाना हो गए। दरअसल केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पहल पर पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक माह के लिए काशी तमिल संगमम आयोजित किया गया है। एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम को लेकर अलग-अलग कई गुटों में दक्षिण भारतीय लोगों का जत्था तमाम ट्रेनों के माध्यम से वाराणसी जाएगा।उसके बाद प्रयागराज, अयोध्या होते हुए अपने गंतव्य को रवाना होगा। दो दिन वाराणसी भ्रमण के बाद सोमवार की सुबह 11.30 बजे के आसपास अपने तयशुदा कार्यक्रम से तकरीबन डेढ़ घंटे की देरी से यह जत्था पांच बसों से संगम नगरी पहुंचा। संगम घाट पर सभी प्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया गया। यहां पहुंचने के बाद प्रतिनिधियों को 13 मोटर वोट से स्नान कराने के लिए संगम ले जाया गया। प्रतिनिधियों ने यहां हुए स्वागत की काफी सराहना की और सरकार के प्रति आभार जताया। कहा कि सरकार की पहल के चलते ही उन्हें एक साथ यूपी के तीन महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल, काशी, प्रयागराज और अयोध्या भ्रमण का मौका मिल सका है । इस दल में शामिल मेहमान जो तमिलनाडु के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं उन सभी पर जीजीआईसी की छात्राओं समेत सांसद केशरी देवी पटेल, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, एसएसपी शैलेश पांडेय, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी आदि ने पुष्प वर्षा भी की। तमिल के तुलसी कहे जाने वाले डी एम गोविंद राजन के साथ कई स्थानीय तमिल छात्रों ने दुभाषिया की भूमिका निभाई। संगम से विता होने के बाद इन्हें गंगाजल, सिंदूर और इलायची दाना प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।संगम दर्शन एवं स्नान, लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन, स्वामी नारायण मंदिर, चंद्रशेखर आजाद पार्क आदि यात्रा का हर पड़ाव इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून, प्रबंधन, वित्त आदि विधाओं से जुड़े विद्यार्थियों को अचंभित, आह्लादित और मुग्ध करता रहा। आजाद पार्क पहुंचने के बाद वहां लगी शहीद चंद्रशेखर की प्रतिमा को कई मेहमानों ने सलामी भी दी। दल में शामिल छात्रा जी रेखा, सुजाता आर ने कहा कि जैसा किताबों में पढ़ा वैसा ही प्रयागराज उन्होंने आज हकीकत में देखा।

# ज्ञानवापी केस : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा- क्या बिना नुकसान पहुचाये की जा सकती है कार्बन डेटिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की कार्बन डेटिंग सहित साईंटिफिक सर्वे कराए जाने की मांग में दाखिल याचिका पर पुरातत्व विभाग से पूछा है कि क्या बिना क्षति पहुचाये कार्बन डेटिंग की जा सकती है। कोर्ट ने कहा अधीनस्थ अदालत ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी यथास्थिति आदेश को देखते हुए साइंटिफिक सर्वे कराने की अर्जी खारिज की है। आशंका व्यक्त की गई है कि कार्बन डेटिंग से कथित शिवलिंग को क्षति हो सकती है।कोर्ट ने कहा गवाही नहीं हो सकती और आकार को बिना नुकसान उसकी आयु का निर्धारण किया जाना जरूरी है। कोर्ट ने राज्य सरकार के प्रमुख सचिव धर्मार्थ विभाग से भी जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई 30 नवंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने लक्ष्मी देवी व तीन अन्य की पुनरीक्षण याचिका पर दिया है।

याचिका पर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बहस की। इनका कहना था कि साइंटिफिक सर्वे होने से ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग सहित अन्य धार्मिक निर्माण की सही जानकारी मिल सकेगी। यह भी पता चल सकेगा कि वहां मिले शिवलिंग व अन्य मूर्तियां व धार्मिक वस्तुएं कितनी पुरानी है।याचीगण ने जिला अदालत वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का साइंटिफिक सर्वे कराने की मांग में अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने यह कहते हुए अर्जी 14 अक्तूबर को खारिज कर दी कि ऐसा करने से शिवलिंग के आकार को क्षति पहुंच सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने परिसर की यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया है। याचिका में जिला न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है।भारत सरकार की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता मनोज सिंह ने मामले में तीन महीने का समय मांगा है। किंतु कोर्ट ने 30 नवंबर तक स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। साथ ही राज्य सरकार के मुख्य स्थाई अधिवक्ता पंचम बिपिन बिहारी पांडेय को भी प्रमुख सचिव का हलफनामा दाखिल कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है।सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि उन्हें अभी तक याचिका की कॉपी नहीं मिली है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह देने का इंतजार न करें। कॉपी लेकर जवाब दाखिल करें। कोर्ट ने कहा कि वह इस संबंध में संबंधित सचिव को भी सूचित करें। ताकि, अगली सुनवाई पर जवाब भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत हो सके।

## कोर्ट ने पूछा छेड़छाड़ करे बिना हो सकती है कार्बन डेटिंग

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि क्या कोई मॉडल है जिससे आकार में बिना किसी छेड़छाड़ के डेटिंग की जा सकती है? इस पर एएसआई की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि आजकल कई ऐसे मॉडल आ गए हैं जो आकार को बिना किसी नुकसान पहुंचाए ही कार्बन डेटिंग कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने अपने अधीन काम कर रही एजेंसियों से संपर्क किया है और इस पर विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इसके लिए तीन महीने का समय दिया जाए। कोर्ट ने इससे इंकार कर दिया। कहां 30 नवंबर तक इस पर जवाब दें।

## घर में आग लगने से बकरियों की मौत

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** तहसील क्षेत्र के असवा उर्फ हाजीगंज में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से बकरियों संग घर में रखा भूसा व अनाज जलकर राख हो गया। जानकारी होने पर आनन-फानन में घर व गांव वाले किसी तरह आग पर काबू पाए। जिससे गरीब किसान का बहुत हजारों की आर्थिक क्षति हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के उदय पटेल पुत्र स्वर्गीय विजय बहादुर पटेल का आरोप है कि मेरे द्वारा पाली गई भैंस व बकरियों को शनिवार की रात घर में बांधा गया था लेकिन रात्रि लगभग 2 बजे जब मैं शौच क्रिया हेतु रात में उठा और घर से बाहर आया तो देखा कि घर के पीछे की तरफ से मेरा मकान धू-धू कर चल रहा है। शोर मचाने पर घर व गांव के लोग आए और लगभग 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। और अंत में देखा गया कि उसमें बांधी 3 भैंस बुरी तरह झुलस गई है और दो बकरियों की मौके पर मौत हो गई है। तथा घर के अंदर रखा भूसा, गेहूं व सरसों जलकर राख हो गए हैं। सूचना पर ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी व क्षेत्रीय लेखपाल ज्ञानेंद्र सिंह मौके पर गए तथा हर संभव सरकारी मदद दिलाने की बात कही। वही पीड़ित 112 नंबर डायल कर पुलिस को भी इस घटना के बारे में अवगत करा दिया इस घटना से परिवार व परिवार के लोग काफी दुखी है। पीड़ित ने सोमवार को उप जिलाधिकारी सोरांव को पत्र लिखकर मुआवजे की मांग की है।

# नैनी जेल में शिफ्ट किए गए 21 खूंखार आतंकियों में एक पीओके का



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जम्मू कश्मीर से नैनी जेल शिफ्ट हुए 21 आतंकियों में एक पीओके (पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर) का रहने वाला है। बाकी आतंकी कश्मीर के हैं। इन कैदियों के यहां आने के बाद जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जम्मू कश्मीर से लाए गए सभी आतंकवादियों को कश्मीर पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तरह यहां शिफ्ट किया गया है।

15 नवंबर को जम्मू-कश्मीर से 21 आतंकवादियों को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़े ही गोपनीय तरीके से नैनी जेल में शिफ्ट किया गया। ये सभी कैदी सेंट्रल जेल कोट भलवाल जम्मू में बंद थे। सभी आतंकियों को जेल के अंदर बनी हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। इससे पहले भी 30 आतंकियों को यहां लाया गया था। अब कुल 51 आतंकी यहां बंद हैं इसी के साथ दो बांग्लादेशी व दो नक्सली भी यहां की हाई सिक्योरिटी सेल में है। अयोध्या कांड से जुड़े चार आतंकवादियों को भी यहीं पर रखा गया है। जेल के अंदर बनी हाई सिक्योरिटी सेल के दो ब्लाक में 55 बंदियों को रखे जाने की क्षमता है। ब्लाक ए में 36 और ब्लाक बी में 19 बंदियों को रखने की क्षमता है। आतंकवादियों के कारण हाई सिक्योरिटी सेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रभारी जेल अधीक्षक आरके सिंह ने बताया कि आतंकवादियों के आने के बाद जेल व बैरक की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## तीसरी नजर से चौबीस घंटे की जाती है निगरानी

केंद्रीय कारागार नैनी परिसर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। यहां की हाई सिक्योरिटी सेल में सीसीटीवी कैमरे से चौबीस घंटे निगरानी की जाती है। हाई सिक्योरिटी सेल के बाहर सुरक्षा कर्मी की तैनाती के साथ ही कंट्रोल रूम में भी सिपाही तैनात किए गए हैं, जो आतंकवादियों की गतिविधियों में हमेशा नजर बनाए रखते है।

## लाए गए 21 आतंकवादियों में एक कश्मीरी पंडित

बीते दिनों जम्मू कश्मीर से केंद्रीय कारागार नैनी में लाए गए 21 आतंकवादियों में एक कश्मीरी पंडित भी है। ऋषभ उर्फ विक्की भट्ट को भी कश्मीर पब्लिक सेफ्टी एक्ट के तरह जम्मू कश्मीर की सेंट्रल जेल कोट भलवाल जम्मू से केंद्रीय कारागार नैनी शिफ्ट किया गया है।



## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित रोजगार मेले में 247 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा सोमवार को वृहद रोजगार मेला का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी कैम्पस में किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्री प्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया गया। रोजगार मेले में सहायक निदेशक सेवायोजन श्री रत्नाकर अस्थाना, प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 श्री एस0के0 श्रीवास्तव, जिला सेवायोजन अधिकारी श्री चन्द्र कान्त सिंह एवं अन्य समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस वृहद रोजगार मेले में पीपल ट्री आनलाइन द्वारा 58, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 65, नवभारत फटीर्लाइजर द्वारा 10, सिवाशक्ति बॉयोटेक्नालाजी लि0 द्वारा 26, गोल्डेन फार्मा आर्गेनिक एग्रीकल्चर प्रा0लि0 द्वारा 21, डस्की स्टलेन कनसलटेंसी सर्विस प्रा0लि0 द्वारा 47 एवं कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा 20 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा कुल 247 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में 524 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें : साध्वी अन्नपूर्णा माता

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** जलालपुर गांव में प्रधान रमेश पांडेय के यहां आयोजित श्रीराम कथा में शक्तिपीठ मैहर से आयी साध्वी अन्नपूर्णा माता ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला। राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो। श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा- महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। कथा वाचिका ने कहा कि यदि आपके मन में रामकथा के प्रति उद्गार है तो वहीं से आपका कल्याण मार्ग शुरू हो गया। इसलिए श्रीराम के कर्मो और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। श्रीराम कथा सुनने से संपूर्ण समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। माता ने श्रद्धालुओं को उपदेश देते हुए कहा कि ब्रह्म राम जो जीवन में कभी किसी से कुछ नहीं मांगा लेकिन वो केवट से नांव मांग रहे थे। भगवान राम ने विनती कर केवट से नाव की गुहार लगा रहे थे पर केवट भी गजब का भक्त था। केवट ने कहा कि हे राम मैं आपका मर्म जानता हूं क्योंकि आपके चरणों के रज से पत्थर भी नारी बन जाती है। तो मेरी नाव तो लकड़ी की है, वह तो तुरंत नारी बन जाएगी इसलिए मैं आपका चरण धोना चाहता हूं। भक्त की बातों में आकर भगवान ने उनके आग्रह को स्वीकार किया उन्होंने भगवान राम का चरण धोकर गंगा पार कराया।इस अवसर पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय, बाबा मिश्रा, अभयराज मिश्रा, विजय शंकर तिवारी, हरिशंकर दुबे, बच्चन मिश्रा प्रधान, डिंपी पांडेय, अनिल पांडेय, मुरलीधर पांडेय, जवाहरलाल गौड़, सतीश त्रिपाठी, राकेश दुबे, सूर्यमणि शुक्ला, बाबा शुक्ला, इंदिल पांडेय, सचिन तिवारी, अनुज दुबे, विकास यादव, दिलीप, अनिल, विनय, सुजीत, रंजीत, सत्यम, राजन, विशाल, निशांत, अर्थव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नैनी गुरुद्वारा संगत में साहिब श्रीगुरुनानक देव जी का 553वा प्रकाश उत्सव बड़ी ही श्रद्धा, आस्था, विश्वास से मनाया गया'

**अखंड भारत संदेश**

## संगत बड़े ही प्रेम पूर्वक गुरु का लंगर छक्कती रही



**नैनी।** गुरुद्वारा संगत में साहिब श्री गुरु नानक देव जी का 553वा प्रकाश उत्सव बड़ी ही श्रद्धा, आस्था, विश्वास से मनाया गया प्रातः काल से ही संगतो का गुरुद्वारा प्रांगण में आना प्रारंभ हो गया संगत फूलमाला,पुष्पगुच्छ लेकर गुरुद्वारा पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे मत्था टेक कर पंक्तिबद्ध बैठकर गुरबाणी,शब्द-कीर्तन बड़ी एकाग्रता के साथ सिमरन कर रही थी। सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाशउत्सव रविवार को नैनी गुरुद्वारा संगत द्वारा धूमधाम से मनाते हुए गेंदे के फूलों,गुलाब के फूलों व आकर्षक लाइटिंग से गुरुद्वारा साहिब का श्रृंगार हुआ रागी जत्थे द्वारा बहुत ही मनोहर शब्द-कीर्तन,गुरु इतिहास,व्याख्या, अरदास,हुकुमनामा उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित होता रहा संगत

ने बड़े ही प्रेम पूर्वक गुरु का लंगर छका सरदार पतविंदर सिंह ने बताया कि पिछली कई सालों से कोरोना के चलते समागम बड़े लेवल पर नहीं हुए थे लेकिन इस बार गुरु महाराज की कृपा के चलते श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे मे संगत बड़ी ही श्रद्धा,आस्था,विश्वास के साथ मौजूदगी दिखाई दी। सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने नाम जपो,किरत करो और वंड छको का फलसफा दिया था। इस पर सभी लोगों ने पहरा भी दिया है। कोरोना काल के दौरान पूरे देश-विदेश के लोगों ने देखा कैसे सिख कौम ने सभी लोगों के लिए सेवा की है। यही संदेशों को हमें आगे लेकर जाना है। इस अवसर पर प्रमुख सेवादारों में सुरेंद्र सिंह,जसपाल सिंह, चरनजीत सिंह,परमिंदर सिंह बंटी, सरदार पतविन्दर सिंह, हरजीत सिंह ढींगरा,देवेंद्र अरोड़ा, सतनाम सिंह, राजू चड्ढा, करन होंडा सहित बड़ी संख्या में सेवादार उपस्थित रहे।

## नगर निकाय चुनाव में अधिकतम मतदान को लगाई चौपाल

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** आगामी नगर पंचायत और नगर निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जगह-जगह पर चौपाल लगाएगी। इस संबंध में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के गंगापार अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने बताया कि नगर निकाय चुनाव में उन किसानों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा जो गांव छोड़कर अब नगर निगम के झूंसी वाले क्षेत्र में रहते हैं। इसके लिए जगह-जगह पर किसान चौपाल लगाकर अधिक से अधिक मतदान करने का लोगों से निवेदन किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार से की जाएगी। नगर निगम की सीमा विस्तार के बाद झूंसी में ग?ठित नए वार्डों किसानों, बुद्धिजीवियों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं के सहयोग से भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की भी अपील की जाएगी। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा की टीम महामंत्री ओमप्रकाश गिरि, प्रभाकर द्विवेदी, काशीराम दुबे, भूपेंद्र मिश्र, क्रांति तिवारी, ज्ञानप्रकास गुप्त आदि मौजूद रहे।

## मेजा पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा पुलिस ने ढाई किलो गांजा व अवैध देशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि सोमवार को पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश सिंह ने 70 लीटर अवैध देशी शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ बाम्बे सोनकर पुत्र गंगाराम सोनकर निवासी हनुमानगढ़ को मेजा थाना क्षेत्र के मैदनिया गांव से गिरफ्तार किया। दरोगा अखिलेश सिंह ने बताया कि शराब के साथ गिरफ्तार करने के बाद शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया गया। वहीं मेजा थाने के दरोगा गोविंद राम व दरोगा प्रभुनारायण यादव ने मुखबिर की सुचना पर थाना क्षेत्र के बसहरा कोइलहा मार्ग पर एक व्यक्ति रामभरोसे बिंद पुत्र रामधनी बिंद निवासी राजापुर बंगलिया थाना मांडा को गिरफ्तार किया गया। कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के कब्जे से ढाई किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए दोनों के खिलाफ लिखापढ़ी कर अगली कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

# वेतन विसंगति एवं प्रोदोन्नति को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के जनपद अध्यक्ष राजबहादुर यादव ,मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश शाखा प्रयागराज की जनपद अध्यक्ष मीरा देवी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को प्रांतीय संगठन के आवाहन पर 7 सूत्रीय मांग पत्र जो मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन ,प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश शासन ,सचिव परिवार कल्याण , महानिदेशक परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ संयुक्त निदेशक प्रशासन परिवार कल्याण को संबोधित है सौंपा गया जिसमें संवर्ग की वेतन विसंगति स्वास्थ प्रयवेक्षक पुरुष एवं महिला की पदोन्नति स्वस्थ स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी के पद के लिए अन्य विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया ।मांग पूरी ना होने की स्थिति में 12 दिसंबर 2022 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो रखकर संगठन के सदस्यों द्वारा उपवास किया जाएगा यदि समस्या का समाधान कर दिया गया तो समस्त सदस्य दिनांक 16 जनवरी 2023 को माननीय मंत्री और सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कृतज्ञता व्यक्त करेंगे समाधान ना होने की स्थिति में 16 जनवरी 2023 को प्रदेश के समस्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक/ स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला /पुरुष स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला एवं पुरुष उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर मुख्यमंत्री की फोटो रखकर उपवास करेंगे और अपनी समस्याओं के समाधान का अनुरोध करेंगे ज्ञापन देते समय श्री राजबहादुर यादव जगदंबा प्रसाद यादव सियाराम सिंह श्रीमती मीरा देवी संध्या राय, चंद्र मिश्रा ,गीता मजूमदा ,कुमार द्विवेदी ,रत्नेश पांडे ,राजेश श्रीवास्तव स्वास्थ्य पर्यवेक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।



# कुश्ती दुनिया में भारतीय खेलों की प्राचीनतम धरोहर: प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा सांसद ने राष्ट्रीय दंगल के पहलवानों को किया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अठेहा क्षेत्र के समीप सेमरा गांव मे दो दिवसीय राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता के सोमवार को समापन पर देश के नामीगिरामी पहलवानों ने कुश्ती में एक से बढकर एक दांवपेंच की आजमाईश कर दर्शको मे कौतूहल भर दिया। राष्ट्रीय दंगल मे इस बार जम्मू कश्मीर के पहलवान मौसम अली को कुश्ती चैंम्पियनशिप का खिताब मिला।

मौसम ने महराष्ट्र के टाइगर पहलवान को कौतूहल भरे प्रदर्शन मे पटखनी दी। वहीं रोमांचक कुश्ती मे अयोध्या के रामशंकर दास ने नेपाल के मशहूर कांचा पहलवान को पटखनी दी। इसके पूर्व समापन समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने फाइनल कुश्ती के पहलवानों का एक दूसरे से हाथ मिलवाकर हजारों की तादात मे मौजूद दर्शकों मे जोश भरते दिखे। बतौर मुख्य अतिथि प्रमोद तिवारी ने कहा कि कुश्ती दुनिया में भारतीय खेलों की प्राचीनतम धरोहर है। उन्होनें कहा कि दंगल के अयोजनों के जरिए कुश्ती की जीवनन्ता आज भी भारतीय खेल के परम्परागत गौरवगाथा की मिसाल है। उन्होनें कहा कि कुश्ती ने ही दुनिया को भारत की सोंधी मिट्टी के शौर्य का एहसास कराया है। श्री तिवारी ने चैम्पियनशिप के साथ अन्य स्पर्धा मे भी जीत का परचम लहराने वाले नामीगिरामी पहलवानों को स्वयं तथा आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया। राष्ट्रीय दंगल आयोजन समिति के अध्यक्ष अनवारूल हसन ने प्रमोद तिवारी को कमेटी की ओर से अंगवस्त्रम तथा मान पत्र व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सारस्वत सम्मान से नवाजा। इधर दंगल मे देश के बड़े-बड़े पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए हजारों की भीड भी समापन बेला मे जुटी दिखी। दर्शकों को भी पहलवानों की जोर आजमाईश के बीच लुफ्त उठाते हुए तालियों की गड़गडाहट से उनमे जोश भरते देखा गया। राष्ट्रीय दंगल मे मेरठ के नवाज अली ने महराष्ट्र के भौकाल सिंह को धूल चटाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, जिपंस अशोकधर द्विवेदी, सुधाकर पाण्डेय, सरवर खान, मोईन खान, प्रभात ओझा, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी, दुष्यन्त सिंह, रामबोध शुक्ल आदि रहे।



सांसद प्रमोद तिवारी को गदा भेंट करते आयोजन समिति के पदाधिकारी

## गैर इरादतन हत्या के पांच आरोपियों को आठ वर्ष का कारावास

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश जी प्रसाद ने अभियुक्तगण षिवषंकर महादेव, रामचंद्र, पृथ्वीपाल, जगत पाल व अवध नारायण को गैर इरादतन हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए प्रत्येक को आठ वर्ष की कैद व प्रत्येक को 18 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। बता दें कि वादी लायक अली निवासी ग्राम मुआर अधारगंज, थाना रानीगंज के अनुसार 28 मार्च 2002 को सूचना मिली कि कुछ लोग मेरी बाग में लकड़ी काट रहे हैं। मैं अपने भाईयों के साथ बाग की ओर जाने लगा तभी रास्ते में राम नरेष की मशीन के पास षिवषंकर, रामजतन, महादेव, रामचंद्र, पृथ्वी पाल व राम सतन के तीन लड़के हम लोगों को घेरकर मारने लगे जिससे मुझे व मेरे भाई को गंभीर चोट आई। इस दौरान इलाज के दौरान मेरे भाई अब्दुल कुद्दूस की मृत्यु हो गई। राज्य की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता रवीन्द्र बहादुर सिंह ने किया।

# अन्तर्महाविद्यालयीय वॉलीवाल में एसबीएम पीजी कालेज को मिला चैम्पियन खिताब

## पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते बढ़ाया हौंसला

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अन्तर्महाविद्यालयीय वालीवाल प्रतियोगिता में लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पीजी कालेज की बालिका वर्ग टीम को चैम्पियनशिप का खिताब मिला। वही उप विजेता शंभूनाथ पीजी कालेज झलवा प्रयागराज की टीम रही। सोमवार को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के परिसर मे प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भइया विश्व विद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध महाविद्यालयों की वालीवॉल टीमो के बीच रोमांचक प्रतियोगिता हुई।

अन्तर्महाविद्यालयीय वालीवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों के बीच हुआ। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के उप कुल सचिव डा. दीप्ति मिश्रा ने विद्यार्थियो को जीवन मे सफलता के लिए अनुशासित होने की प्रेरणा दी। उन्होंने खेल व अध्ययन के क्षेत्र में सफलता का आधार मेहनत एवं अनुशासन ठहराया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा ने खिलाडियो के द्वारा जीते गये पदको को राष्ट्रीय शक्ति का द्योतक बताया। उन्होने खेल तथा शिक्षा के क्षेत्र मे मेधावियों से बेहतर प्रदर्शन जारी रखने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह खेल भावना को सर्वोत्कृष्ट ठहराया। एसबीएम ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट के निदेशक डा. संदीप मिश्र ने स्वागत भाषण तथा प्राचार्य डा. अमित कुमार सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. अंबिकेश त्रिपाठी व संयोजन रविकांत कौशल ने किया। इस मौके पर डा. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डा. ओपी द्विवेदी, डा. आशुतोष शुक्ल, सविता सिंह, अनीता त्रिपाठी, श्रीप्रकाश सिंह, संतोष प्रजापति, रूबिता सिंह, नवीनचंद्रा सिंह आदि रहे।

## सड़क हादसे में गार्ड की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चिलबिला चैराहे के समीप बाइक सवार गार्ड की बाइक अनियंत्रित होने से पलट गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गार्ड की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। कंधई थाना क्षेत्र के अमरौना निवासी श्रवण कुमार पटेल सुबह दस बजे गार्ड चिलबिला रेलवे स्टेषन पर आ रहा था। इसी दौरान चिलबिला चैराहे के पास अनियंत्रित होकर गार्ड की बाइक पलट गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रों ने अर्जुनपुर में चलाया जागरुकता अभियान

## बेजुबान जानवरों को दी खाने-पीने की वस्तुएं

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा के छात्रों ने अर्जुनपुर ग्राम पंचायत में पहुंच कर सामाजिक कार्य किए। इस दौरान छात्रों ने पढ़ाई-लिखाई में रुचि न लेने वाले बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया साथ ही उपहार भी भेंट किए। वहीं वेजुबान जानवरों को भी खाने की वस्तुओ को खिलाया।

कॉलेज की शिक्षिका डॉ० रेशू अग्रवाल के मार्ग दर्शन मे एमिटी के छात्र उत्कर्ष पाठक, उदित सिंह, गुनमय शर्मा, गुलाम आले मुस्तफा, मानसी चैहान, मुस्कान धवन, राज गुप्ता, श्रेया कुमार चिरो श्री पाठक व सलोनी मल्होत्रा ने गैर सरकारी संगठन जैक फाउंडेशन के साथ 17 अगस्त से लगभग तीन माह से नोएडा से लेकर प्रदेश के कोई जनपदों के गॉव व शहर में असहाय लोगो की मदद के साथ ही बेसहारा बेजुबान जानवरो की सेवा की। डॉ० रेशु ने बताया कि छात्र-छात्राओं के अंदर शिक्षा के साथ मानवीय गुणों का होना बहुत जरूरी होता है। इस लिए छात्रो से ऐसे सामाजिक कार्यो को कराए जाते है जिससे उनके अंदर सामाजिक सेवा भाव का उदय हो सके।



लालगंज के अर्जुनपुर में जागरुकता अभियान के दौरान एमिटी विष्वविद्यालय के छात्रगण।

## घर में सो रही महिला के साथ की अश्लील हरकत, विरोध करने पर की मारपीट

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रात के समय एक महिला के घर पहुंच कर एक युवक ने अश्लील हरकत किया तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। सुबह जब महिला आरोपी के घर पूछताछ करने गई तो उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए मारपीट की गयी। पीड़ित महिला ने इस संबंध में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्रबके जलालपुर किठौली गांव की रहने वाली सरस्वती पत्नी अवधेश कुमार ने बताया कि वह बीती रात सो रही थी तभी गांव का एक व्यक्ति पहुंचा और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। रात के समय महिला कुछ नहीं बोली और सुबह अपने परिवार जनों के साथ आरोपी के घर पहुंच कर पूछताछ करने लगी तो आरोपियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर अश्लील हरकत की है। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# न्यू एंजिल्स के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

## यातायात प्रभारी व उनकी टीम ने बच्चों को दिये सुरक्षा के टिप्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, प्रतापगढ़ के सभागार में प्रभारी यातायात नरेन्द्र सिंह, ब्रह्मानन्द दुबे और उनकी टीम के अन्य सदस्य छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सर्वप्रथम प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और बच्चों से अपने अतिथियों का परिचय कराया। तत्पश्चात नरेन्द्र सिंह ने सभी छात्र एवं छात्राओं को यातायात सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं और ये बताया कि बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के गाड़ी चलाना, बिना लाइसेन्स के गाड़ी चलाना, दौड़कर सड़क पार करना, कार या बाइक चलाते समय मोबाइल देखना या नशा करके गाड़ी चलाना, पैदल चलते समय फुटपाथ पर चलना, गाड़ियों के बीच उचित दूरी न होना, आदि कारणों से सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन होता है और सड़क पर दुर्घटनाएं होती हैं। सहयोगी ब्रह्माशंकर दुबे ने अन्य जानकारियाँ देते हुए बताया ओवरटेक से बनाएं दूरी, नो एंट्री का खयाल रखें, जब जरूरी हो तभी हार्न बजाएं, अपनी लेन में ही वाहन चलाएं और हमेशा अपनी गति पर नियंत्रण रखें। कार्यक्रम में मैनेजर एच आर एफ जीनत एवं पूनम श्रीवास्तव, नेहा खण्डेलवाल, सुनील विश्वकर्मा, अनूप सिंह, राहुल तिवारी, आदिल शाहिद आदि टीचर्स भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य बी. के. सोनी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और बच्चों को समझाया कि अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिये यातायात के सभी नियमों का पालन करें और अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी इन नियमों से अवगत कराएं।




न्यू एंजिल्स में यातायात सुरक्षा की जानकारी देते अधिकारी।

## रेलवे पुलिस ने छात्रों को ट्रैक सुरक्षा के बारे में जागरूक किया

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा गांव में पहुंचे रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने छात्रों को सुरक्षा की सीख दी। रेलवे लाइन को बाधित करने से दुर्घटना हो सकती है। ट्रेनों में पत्थरबाजी करने से यात्री घायल हो सकते हैं।

इससे रेल संपत्ति का नुकसान हो सकता है की जानकारी को साझा किया और उन्हें इसके बारे में जागरूक भी किया। इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा और उपनिरीक्षक मंजीत डबास की टीम ने छात्रों को रेलवे और उसकी संपत्ति की सुरक्षा कैसे की जाए इसके टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई इस तरह की हरकत करता है तो उसे रोकिए। अगर नहीं मानता है तो पुलिस को सूचना दें। जागरूकता कार्यक्रम का संचालन सेन्टर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। छात्रों ने रेलवे संपत्ति की सुरक्षा का वचन दिया।




विज्ञान परिषद् प्रयाग के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

# विज्ञान परिषद् प्रयाग की प्रतापगढ़ शाखा का हुआ गठन

## शारदा संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विज्ञान परिषद् प्रयाग की प्रतापगढ़ शाखा का गठन शारदा संगीत महाविद्यालय परिसर में हुआ। इस दौरान शारदा संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विज्ञान भूषण विजय चितौरी ने कहा कि विज्ञान विकास की वास्तविक आधारशिला निर्मित करता है।

मुख्य अतिथि डॉ० दिनेश मणि ने कहा कि विज्ञान साहित्य समाज का वास्तविक शिल्पकार होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं चिंतन जीवन को नित नये आयाम दे रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ० अमरनाथ अमर ने कहा कि विज्ञान विश्व को विकास का दृष्टिकोण व मार्ग प्रदान करता है। जीवन को बहुआयामी बनाने में विज्ञान की भूमिका सर्वोपरि है। मुख्य वक्ता डॉ० एम०गोविन्द राजन ने कहा कि साहित्य और विज्ञान का संयोजन सुखद भविष्य की नीव रखता है।यह मानव जीवन के वास्तविक सरोकारों से रूबरू कराता है। विज्ञान परिषद् प्रयाग की प्रतापगढ़ शाखा का संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न को नियुक्त किया गया। आनंद मोहन ओझा को सभापति, अनिल कुमार निलय को महासचिव, कंचन मौर्य उपसचिव, प्रेम कुमार त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष, प्रभाकर पांडेय उप कोषाध्यक्ष, अमरनाथ गुप्ता एवं बीना श्रीवास्तव को सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विज्ञान परिषद् प्रयाग की मासिक पत्रिका एवं बाल पत्रिका बच्चों की प्यारी बगिया के मासिक अंक का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में विज्ञान परिषद् प्रयाग से आए हुए विज्ञान साहित्यकारों को साहित्य शिरोमणि सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। इस अवसर पर अंजनी अमोघ, डॉ० शाहिदा, अमर नाथ गुप्ता बेजोड, महेन्द्र श्रीवास्तव, शंकर लाल मजूर, बलराम यादव आदि मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय कार्यशाला स्थगित

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय कार्यशाला 22 नवम्बर को हादीहाल में निर्धारित की गयी थी जिसे अपरिहार्य कारणों से अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

# एमडीपीजी में लगी पुस्तक प्रदर्शनी, हुई खरीदारी, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने किया अवलोकन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में आज पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के पुस्तकालय के सौजन्य से श्रृंखला पब्लिकेशन हाउस अयोध्या द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं विषयों से संबंधित उच्च स्तरीय पुस्तकें रखी गईं। प्रदर्शनी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ पुस्तकों का अवलोकन किया तथा खरीददारी भी की।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा की छात्र-छात्राओं में पुस्तकों एवं पठन-पाठन के प्रति अभिरुचि पैदा करने के लिए पुस्तकों की प्रदर्शनी नितांत आवश्यक है। इससे छात्र-छात्राओं को विभिन्न पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है और उन्हें पढ़ने, देखने और समझने का अवसर मिलता है। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ सीएन पांडे ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि पुस्तकों की प्रदर्शनी नितांत आवश्यक है इससे विद्यार्थियों में किताबों के प्रति उत्सुकता बढ़ेगी और वे विभिन्न विधाओं की पुस्तकों से अपने ज्ञान की वृद्धि तथा समय का सदुपयोग कर सकेंगे। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ मनीष सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं प्रदर्शनी का भरपूर लाभ उठाएं और अच्छी पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें। बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बड़े महाविद्यालयों में पुस्तक-प्रदर्शनी को जरूरी बताया। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ मनीष सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी 22 नवंबर को भी रहेगी।



पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

## चोरों ने दो लाख नकदी समेत कीमती गहनें उड़ाये, पीडित ने दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने रविवार की रात घर मे चोरी की घटना अंजाम देकर लाखों की नकदी व कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के चैखड देवापुर गांव में रविवार की रात गांव के संगमलाल दुबे पुत्र गंगाराम दुबे के घर चोरी की घटना घटित हुई। परिवार के सदस्य खा पीकर सो गये।

# हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से वकीलों ने कोतवाली मे किया धरना प्रदर्शन

## एएसपी पश्चिमी के आश्वासन पर शांत हुआ माहौल, डीएम व एसपी को संबोधित सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के महामंत्री शेष तिवारी तथा अधिवक्ता कुलदीप तिवारी पर हुए जानलेवा हमले में शेष आरोपियो की गिरफ्तारी न होने पर सोमवार को भी वकीलों का आक्रोश चरम पर दिखा। वकीलों ने तहसील परिसर में एकत्रित होकर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इसके बाद वकीलों का आक्रोशित जत्था तहसील के बगल कोतवाली परिसर मे आ धमका। यहां वकीलों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे कोतवाली परिसर मे ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वकीलों के धरना प्रदर्शन को देख प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल भी धरनास्थल पर पहुंचे और वकीलो को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत करने का प्रयास किया। अधिवक्ता प्रभारी निरीक्षक को अनसुना करते हुए डीएम व एसपी को बुलाये जाने की मांग पर अड गये। स्थानीय प्रशासन की सूचना पर करीब दो घंटे बाद जिले के एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र कोतवाली पहुंचे तब जाकर धरना प्रदर्शन खत्म हो सका। बीती सत्रह नवंबर को अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी तथा अधिवक्ता कुलदीप तिवारी के ऊपर लालगंज थाने के रायगढ़ गांव में हमला हुआ था। पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास व लूट का मुकदमा दर्ज किया। मुख्य आरोपी गांव के प्रधान को दूसरे ही दिन पुलिस ने दबोचकर जेल भेज दिया। अधिवक्ता शेष तीन अन्य फरार नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और घटना में आरोपितो के खिलाफ गैगेस्टर लगाए जाने की मांग को लेकर पिछले चार दिनो से आंदोलित चले आ रहे थे। सोमवार को तीन फरार आरोपियो की गिरफ्तारी न होने को लेकर वकीलों का आक्रोश फिर बढ़ गया। कोतवाली परिसर मे धरना प्रदर्शन के दौरान वकीलो ने प्रशासन के खिलाफ जमकर भडास निकाली। यहां हुई सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। सभा को संबोधित करते हुए दिनेश मिश्र, संतोष पाण्डेय, राजेश सरोज, पंकज मिश्र, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र मिश्र, राजेश तिवारी, वीरेन्द्र गौतम, दीपेन्द्र तिवारी, विनोद मिश्र मौजूद रहे।



कोतवाली परिसर मे एएसपी को ज्ञापन सौपते अधिवक्ता।

## देशी शराब की दुकान से उड़ाये लाखों का मॉल, जांच मे जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के साहबगंज बाजार में रविवार की रात चोरों ने देशी शराब की दुकान से लाखों की देशी शराब की पेटियां चोरी कर ले गये। सोमवार की सुबह देशी शराब की दुकान में चोरी की घटना को लेकर बाजार मे हडकंप मच गया। लीलापुर थाना के बहुचरा निवासी बद्री नारायण के पुत्र अशोक सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि साहबगंज बाजार मे उसकी लाइसेंसी देशी शराब की दुकान है। रविवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान मे लगे शटर का ताला तोड दिया। चोर दुकान से चैसठ पेटी शराब चोरी कर ले गये। पीडित के मुताबिक चोरी गयी शराब की कीमत एक लाख साठ हजार रुपए है।

## केपीएस फिएस्टा 4 के दूसरे दिन केपीएस और एनडी के छात्र छात्राओं का खेल कूद में शानदार प्रदर्शन

### लेडीस पेरेंट्स म्यूजिकल चेयर कंपटीशन में नीतू केसरवानी ने बाजी मारी बनी स्कूटी विजेता

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में चल रहे एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2022-2023 केपीएस फिएस्टा 4 के आज दूसरे दिन सोमवार को भी खेलकूद का रोमांच चरम पर था आज सबसे मुख्य आकर्षण का केंद्र महिला पेरेंट्स के बीच म्यूजिकल चेयर कंपटीशन का था जिसमे पचास महिला पेरेंट्स ने भाग लिया।

अंत में महिला पेरेंट्स म्यूजिकल चेयर कंपटीशन नीतू केसरवानी और मोनिका गुप्ता के बीच हुआ जिसमें नीतू केसरवानी ने जो कि एंडी के पेरेंट्स स्कूटी विजेता बनी। एनडी कन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज केपीएस भरवारी के पी एस भीटी, रिद्धि सिद्धि कॉलेज आफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए उम्दा प्रदर्शन किया और एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ अपने खेलकूद का प्रदर्शन किया।


स्कूटी विजेता नीतू केसरवानी मौके पर मौजूद पूर्व विधायक संजय गुप्ता वा अन्य।

खेल में मुख्य रूप से शिक्षक और शिक्षिकाओं के बीच भी रस्साकशी का प्रदर्शन हुआ इसके अलावा एन डी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज और केपीएस भरवारी के बीच हुई रस्साकशी में केपीएस के छात्रों ने बाजी मारी.. इसी कड़ी में लोंग जंप हाई जंप ,जैवलिन थ्रो , रिले रेस मे इंडी कान्वेंट के छात्रों ने बाजी मारी।


रस्साकशी की प्रतिस्पर्धा करती छात्रा।

## भरवारी में जाम के झाम में फंसकर डेंगू पीड़ित महिला की मौत

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले भीषण जाम में रविवार की शाम एक डेंगू पीड़ित महिला का प्राइवेट वाहन फंस गया। उसने जाम में फंसे होने के दौरान ही दम तोड़ दिया नगर पालिका परिषद भरवारी के चमन्धा निवासी धीरेंद्र मिश्रा पुरोहित है भरवारी कस्बे में धीरेंद्र मिश्रा पुरोहित का काम करते है,उनकी पत्नी अर्चना की तबियत अचानक बिगड़ गई,उन्हे अधिक बुखार आया डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें डेंगू है हालत गंभीर हुई तो परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहा से उन्हें गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर कर दिया गया प्रयागराज ले जाते समय भरवारी रेलवे फाटक के जाम में डेंगू पीड़ित महिला का वाहन फंस गया जिससे अर्चना की मौत हो गई।

भरवारी रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या लाइलाज बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि केबिन पर तैनात रेलवे कर्मचारी की मनमानी के चलते घंटे घर क्रासिंग बंद रहता है जिससे जाम लग जाता है। जाम के झाम में इससे पहले भी कई बार एम्बुलेंस और स्कूली बसे फंस चुकी है।

## जिले की सभी नगर पंचायतों में अपने प्रत्याशी उतारेगी सकिपाः अजय सोनी

### निकाय चुनाव को लेकर सकिपा की बैठक में बनी रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में निकाय चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोनी ने की। इस अवसर पर निकाय चुनाव को लेकर गहन चर्चा हुई और रणनीति बनी। पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने निकाय चुनाव में जोरदार तरीके से पार्टी से प्रत्याशी उतारने का सुझाव व्यक्त किया। साथ ही जोरदार तरीके से निकाय चुनाव लडाने एवं चुनाव जीतने की जरूरत पर चर्चा की। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अजय सोनी ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी जिले की सभी नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं में अपने प्रत्याशी उतारेगी। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि आरक्षण की स्थिति साफ होने के बाद पार्टी के प्रत्येक नगर पंचायत के प्रत्याशियों के नामों को आरक्षण की स्थिति के अनुसार घोषित किया जायेगा। आगे कहा कि संभावित प्रत्याशी अभी से चुनाव को लेकर गंभीर




हो जाएं और जनता से संपर्क स्थापित करें। इस अवसर पर प्रेम चंद्र केसरवानी, जयलाल चौधरी, शैलेंद्र मिश्रा, फूलचंद्र लोधी, परिहार लोधी, शफीक अहमद, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।


गौ संरक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पूजन करते मुख्य विकास अधिकारी।

## विधि विधान से पूजन कर सीडीओ ने किया गौ संरक्षण केंद्र का उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी** गोवंश के संरक्षण और उनकी देखरेख के लिए सरकार के निर्देश पर गांव क्षेत्र में गौ संरक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं इसी क्रम में मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के तैयबपुर गुवारा गांव में गौ संरक्षण केंद्र भवन का निर्माण कराया गया भवन निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद गौ संरक्षण केंद्र में गौवंश को एकत्रित किया गया सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि शंकर त्रिवेदी गौ संरक्षण केंद्र तैयबपुर गुवारा पहुंचे और नवनिर्मित गौ संरक्षण केंद्र का मुख्य विकास अधिकारी ने विधि विधान से पूजन किया गोवंश की पूजा करने के बाद उन्होंने गोवंश को लड्डू खिलाया इस मौके पर उपस्थित पुरोहित ने मंत्र उच्चारण के जरिए गौ संरक्षण केंद्र का शुभारंभ कराया पूजन के बाद फीता काट कर सीडीओ गौ संरक्षण केंद्र पहुंचे और उन्होंने गौ संरक्षण केंद्र का विधिवत निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीनस्थों से कहा कि गाय के चारा पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए गौवंश को किसी प्रकार की दिक्कत ना होने पाए इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मंझनपुर देवेंद्र कुमार ओझा एडीओ पंचायत कमलाकांत मिश्रा ग्राम प्रधान इंद्राज सरोज पंचायत सचिव मोहम्मद नसर दिनेश पाल अमित साहू श्रवण मिश्रा सहित इलाके के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नाबालिग के साथ हुयी दुष्कर्म की घटना के सम्बन्ध में थाना पश्चिम शरीरा में दर्ज मुकदमा पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त मकसूद अली पुत्र लाली उर्फ लल्ली निवासी कुरमियन का पुरवा, जजौली थाना पश्चिम शरीरा के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायालय एडीजे-9/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा ने अभियुक्त को दोषी पाया और आरोपी मकसूद अली को 20 वर्ष कठोर कारावास तथा 100,000/- रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 649 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से चार थाना कोखराज से चार कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## पुआल में पानी जाने से चली धारदार औजार,एक गम्भीर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कनवार के मजरे मेडीपुर में पुआल में पानी जाने पर विवाद हो गया 2 पक्ष आपस मे भिड़ गए धारदार औजार के हमले से लाल मन सोनकर गम्भीर घायल हो गया है। घटना क्रम के मुताबिक लालमन सोनकर खेत मे पानी लगाए था पानी सीताराम पाल पुत्र जगत पाल के पास में रखे पुआल में चला गया जिससे कहासुनी होते होते मारपीट होने लगी जमकर मारपीट हुई इस दौरान धारदार औजार के हमले से लाल मन सोनकर गम्भीर घायल हो गया सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस ने गम्भीर घायल को एम्बुलेंस के जरिये अस्पताल भेज दिया है । पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## दुस्साहस मुकदमा दर्ज होने के बाद चोरी का आरोपी पहुंचा पुलिस कार्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के नेता नगर में डॉ दिलीप के घर 50 हजार रुपए चोरी किए जाने के मामले में करारी थाना पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है चोरी का मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद नामजद आरोपी दर्जनों महिला पुरुष के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचा है और शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर अपने को बेगुनाह बताने का प्रयास किया है बताते चलें कि करारी थाना क्षेत्र के नेता नगर मोहल्ले मनोरमा देवी पत्नी डॉ दिलीप के घर 24 अक्टूबर को 50 हजार रुपए चोरी किए जाने के मामले में जमुना प्रसाद के नाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है 25 दिन से अधिक बीत जाने के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है पुलिस कार्यालय पहुंचे जमुना प्रसाद और उसके परिजनों ने कहा कि उन्हें थाना पुलिस ने सलाह दिया है कि वह तमाम लोगों को लेकर के एसपी कार्यालय पहुंच जाएं तो उनका मुकदमा खत्म हो जाएगा थाना पुलिस पर भी चोरी के आरोपी ने तमाम गंभीर आरोप लगाए हैं थाना पुलिस की सलाह पर चोरी का नामजद आरोपी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचा है और शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर अपने को बेगुनाह बताते हुए मुकदमा खत्म करने की अपील की है इस दौरान अनीता देवी गेंद कली ननकी देवी मोहिनी देवी मेदी लाल सोहनलाल झलकारा देवी रामलाल संगम लाल जमुना प्रसाद सहित तमाम महिला पुरुष मौजूद रहे।

## जहर मिली पकौड़े खाने से बच्चे की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के लाटपुर गांव मे एक बच्चे को पकौड़ी मे जहर दे दिया जिसके खाने से उसकी मौत हो गई जानकारी के अनुसार अजित कुमार उम्र 7 वर्ष पुत्र सियालाल मजरा लाटपुर कोखराज रविवार को तीन बजे घर के पास खेल रहा था पड़ोस की एक महिला ने पकौड़ी मे जहर मिलाकर बच्चे को दे दिया जिसे खाने के बाद अजित को उल्टी होने लगी यह सब देखते ही महिला भाग गयी ' परिजनों ने उसे निजी हॉस्पिटल मे भर्ती कराया जहाँ डाक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया बालक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है।


नवजात की मौत के बाद मौके पर लगी भीड़।

## नवजात का शव बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धमावा पुल के पास झाड़ियों में नवजात शिशु का शव मिलने से हड़कम्प मच गया मौके पर राहगीरों ग्रामीणों का मजमा लग गया मौजूद लोगों ने बताया कि किसी निर्दई पापी मा ने लोक लाज के डर से पाप को छिपाने के लिए नवजात को झाड़ियों में फेक दिया है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजते हुए छानबीन में जुट गई है।

## क्षेत्र में मची सनसनी,पुलिस ने गड्ढे से खोदकर गाय के शव को निकलवा कर कराया पोस्टमार्टम

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा नगर पंचायत वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर में सोमवार 11बजे तालाब किनारे एक अवारा गाय व उसका बछड़ा तालाब किनारे चर रहे थे नियामत उल्ला ने तालाब के किनारे कुछ पौधे लगाए थे जिसको गाय चर रही थी लोगों का कहना है कि गाय के बछड़े को नियामत उल्ला ने लोहे की रॉड से मार दिया जिससे बछड़े की मौके पर मौत हो गई नियामक उल्ला ने गाय के बछड़े के शव को तालाब किनारे गड्ढा करके दफना दिया उसी मोहल्ले के युवक अमित कुमार पुत्र मानसिंह की तहरीर पर अजुहा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा खोदकर बछड़े के शव को बाहर निकलवाया और पशु अस्पताल के डॉक्टर आर के सोनी के सहयोग से शव का पोस्टमार्टम कराके पुलिस के सामने गड्ढा खोदकर फिर दफनवा दिया गया अझुवा चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी अभियुक्त को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुट गए हैं अभियुक्त नगर पंचायत अझुवा का वार्ड नं 6 कृष्णा नगर निवासी नियामत उल्ला बताया जा रहा है।

## कई वर्षों से संचालित अवैध क्लीनिक पर सीएमओ की बनी मेहरबानी

**कौशाम्बी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करारी के अंतर्गत मुकीमपुर गांव में कथित डॉ दिलीप द्वारा बीते कई वर्षों से अवैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है कथित डॉक्टर दिलीप की पत्नी मनोरमा द्वारा करारी कोतवाली में चोरी का मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद नामजद आरोपी और उनके परिजनों ने डॉ दिलीप के अवैध क्लीनिक की करतूत खोलना शुरू कर दिया है पुलिस कार्यालय पहुंचे लोगों ने बताया कि डॉ दिलीप का क्लीनिक अवैध तरीके से मुकीमपुर में संचालित है इनके पास चिकित्सा की डिग्री नहीं है लेकिन फिर भी कई वर्षों से डॉ दिलीप मरीजों का इलाज कर फीस के नाम पर उन्हें लूट रहा है बताया जाता है कि इनकी क्लीनिक में दवाइयां भी मौजूद है लेकिन मेडिकल का लाइसेंस नहीं है अग्निशमन विभाग की बातों को गौर करें तो इस क्लीनिक में एनजीटी के नियमों का पालन नहीं हो रहा है और एनजीटी के नियमों के विपरीत चल रहे अस्पताल और क्लीनिक को बंद कराए जाने की सिफारिश पूर्व में फायर विभाग के अधिकारियों ने सीएमओ से की है लेकिन उसके बाद भी एनजीटी के नियमों के विपरीत चल रहे क्लीनिक अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग नहीं बंद करा सका है बताया जाता है कि सीएमओ कार्यालय डॉ दिलीप के अवैध क्लीनिक पर मेहरबान है और विभाग के लोग अवैध क्लीनिक के संचालन में वसूली कर मालामाल हो रहे हैं।

## अवैध सम्बन्ध के शक में शौहर ने बीबी के ऊपर सिलबट्टे से किया हमला

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली के फैजी पुर गांव में अवैध संबंध के शक में शौहर ने अपनी बीबी के सिर पर सिलबट्टे से प्रहार कर दिया,जिसमे महिला गंभीर घायल हो गई है पड़ोसियों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा हालत नाजुक देख डाक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के फैजीपुर गांव के रहने वाले मोबीन अहमद अपनी बीबी आशिया बानो और दो बच्चों के साथ मंझनपुर कोतवाली के पास रहते है। शनिवार को मोबीन अहमद ने अवैध सम्बन्ध के शक पर अपनी बीबी आशिया बानो के ऊपर हत्या करने के उद्देश्य से सिलबट्टे से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। माँ को घायल अवस्था मे देख कर बच्चे चिल्लाने लगे। बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसियों की भीड़ इकट्ठा हो गई।पड़ोसियों की सूचना पर पहुँची मंझनपुर पुलिस ने घायल आशिया को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ हालत नाजुक होने की वजह से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया है। महिला जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है। वही पुलिस ने आरोपी शौहर मोबीन अहमद को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

### न्यायालय का आदेश न मानने वाले दबंग की तहसील दिवस में शिकायत

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र में एक दबंग इस तरह का है कि उसे आला अधिकारियों से लेकर न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करना है इस तानाशाह दबंग से आम जनमानस पीड़ित परेशान हैं लेकिन दबंग के कारनामे पर पिपरी पुलिस कार्यवाही करती नहीं दिख रही है पीड़ित राम सुचित पुत्र स्व0 लल्लू राम निवासी ग्राम मुनीरपुर हरदरमउ तहसील चायल की पैतृक आराजी नं0 68 रक्बा 0.216 हे0 पर कबीज दाखिल होने के बाद दबंग समर बहादुर उर्फ लालता प्रसाद पुत्र प्यारेलाल मुनीरपुर हरदरमउ द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है पीड़ित ने डीएम एसपी को बताया कि जिसकी शिकायत पूर्व में भी शासन प्रशासन व पुलिस विभाग से की गयी किन्तू कोई कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने न्यायालय सिविल जज कनिष्ठ श्रेणी कौशाम्बी में वाद सं0 807 / 22 दिनांक 11.07.2022 याचिका दायर भी की जो न्यायालय में विचाराधीन है। लेकिन न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन होने के बाद दबंग जबरन बाउन्डीवाल बना रहा है मना करने पर लड़ाई झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दे रहा है थाना पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित परिवार तहसील समाधान दिवस चायल पहुंचा और डीएम एसपी के सामने फरियाद करते हुए दबंग पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग के साथ साथ आराजी को बचाने की गुहार लगाई है

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों धर्मेन्द्र सेन पुत्र भोला प्रसाद निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा मनोज कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी चम्पहा थाना पश्चिम शरीरा चन्द्रभान सिंह पुत्र राम प्रसाद निवासी सिंघवल का पूरा थाना कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 300 रुपये मालफड तथा जमातलासी के दौरान 250 रुपए बरामद कर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।


## चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा चार वारंटी अभियुक्तों कल्लू पुत्र शंकर लाल निवासी चकसहायगंज थाना कोखराज मुंदर पुत्र मोहन निवासी चमन्धा थाना कोखराज व प्रेम बुधराम पुत्रगण छेदी निवासी टिकरा मजरा व थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## निपुण भारत अभियान से बदलेगी बेसिक शिक्षा की सूरतः सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर कौशांबी के सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि शंकर त्रिवेदी की अध्यक्षता में निपुण असेसमेंट टेस्ट परीक्षा से संबंधित बैठक आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस परीक्षा से छात्रों के निपुण लक्ष्य एवम् लर्निंग आउट कम की स्थिति की जानकारी होगी। निपुण भारत मिशन कार्यक्रम गतिविधियो से बेसिक स्कूलों में पठन पाठन एवम् शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हुआ है। सभी शिक्षकों को निपुण लक्ष्य का ज्ञान हो। निपुण भारत मिशन का लक्ष्य सभी शिक्षक के सामूहिक प्रयास योगदान से ही संभव है। उन्होंने


निपुण भारत कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी व अन्य।

क्यू आर कोड, दीक्षा ऐप का अधिकाधिक प्रयोग करने पर बल दिया। कक्षावार न्यूनतम 5 से 7 निपुण छात्र बनाने का निर्देश दिए गए तथा कौशांबी जनपद को निपुण जनपद बनाने के लिए सभी शिक्षकों को पूर्ण मनोवेग, परिश्रम, प्रतिभा के साथ करने हेतु प्रेरित किया। डी0सी0 ,सभी बी0ई0ओ0 , एस0आर0जी0 , ए0आर0पी0 ,कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन, संकुल शिक्षक,प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक को निपुण एसेसमेंट टेस्ट 2022 को पूर्ण सुचिता, गोपनीयता, निष्पक्ष ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए अनिल कुमार उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर ने सरल ऐप डाउनलोड करने, राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। सभी डी सी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एसआरजी, एआरपी, पर्यवेक्षक को अपने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया। सरल ऐप का प्रयोग करने संबंधी जानकारी डॉ0 स्वेता त्रिपाठी प्रवक्ता गणित द्वारा किया गया। इस बैठक में सभी वरिष्ठ प्रवक्ता श्री विपुल सागर, श्रीमती भारती त्रिपाठी, सुश्री रिफत मलिक, डॉ0 ए के श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रवक्ता गण, डी सी, खण्ड शिक्षा अधिकारी कौशांबी, एस आर जी, ए आर पी, कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन, डायट प्रवक्तगण डॉ0 अरमा देवी नरेन्द्र कुमार कौशलेंद मिश्र, डॉ0 देवेन्द्र कुमार मिश्र, नितीश कुमार, धीरज कुमार, वन्दना सिंह, शबीह मुस्तफा, विपिन कुमार, अनामिका सिंह, सुरेश चंद्र मिश्र सहित डायट स्टॉफ उपस्थित रहे।

## स्टाफ की कमी से जूझ रहा श्रमिक कार्यालय

### निजी नर्सिंग होम अस्पतालों में बेखौफ तरीके से श्रमिकों का उत्पीड़न हो रहा है उन्हें देखने वाला कोई नहीं है

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सरकारी कार्यालय में स्टाफ की कमी होने से विभागीय योजनाओं का पारदर्शी तरीके से संचालन नहीं हो पा रहा है श्रमिक कार्यालय में सृजित पद के विपरीत आधे लोगों की भी तैनाती शासन से नहीं है जिससे योजनाओं के संचालन में दिक्कत नहीं होती हैं लेकिन उसके बाद शासन ने विभाग में पद के अनुरूप तैनाती किए जाने का प्रयास नहीं किया है बताते चलें कि श्रमिक कार्यालय में सहायक श्रम आयुक्त का एक पद सृजित है श्रम अधिकारी के 4 पद सृजित है मंझनपुर सिराथू और भरवारी कार्यालय में लिपिक के 6 पद और चपरासी के 3 पद सृजित हैं। लेकिन पूरे जिले में सहायक श्रम आयुक्त की तैनाती

संपादकीय

# तेजी से बढ़ती आबादी के खतरे भी बड़े

यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) के मुताबिक दुनिया की आबादी आठ अरब हो गई है, जिसे सात से आठ अरब होने में केवल 12 वर्ष का समय लगा है जबकि दुनिया की आबादी को 1 से 2 अरब होने में 100 साल से भी ज्यादा लगे थे। हालांकि दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ने को संयुक्त राष्ट्र मानवता की उपलब्धियों के प्रमाण के रूप में देख रहा है और यह सही भी है कि इसमें सबसे बड़ा योगदान शिक्षा तक पहुंच का विस्तार, स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति, लैंगिक असमानता में कमी इत्यादि कारकों का है लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए बढ़ती आबादी के खतरे भी कम नहीं हैं। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आबादी एक अरब बढ़ने में भारत की हिस्सेदारी 17.7 करोड़ और चीन की 7.3 करोड़ रही यानी आबादी के बढ़ते ग्राफ के मामले में भारत चीन से बहुत निकल गया है तथा अगले साल तक भारत की आबादी चीन से भी ज्यादा हो जाएगी यानी भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। विश्व की कुल आबादी में से करीब 18 फीसद लोग अब भारत में रहते हैं और दुनिया के हर 6 नागरिकों में से एक से ज्यादा भारतीय है। अगर भारत में जनसंख्या की सघनता का स्वरूप देखें तो जहां 1991 में देश में जनसंख्या की सघनता 77 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर थी, 2001 में बढ़कर वह 267 और 2011 में 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गई।

भारत में बढ़ती आबादी के बढ़ते खतरों को इसी से बखूबी समझा जा सकता है कि दुनिया की कुल आबादी का करीब छठा हिस्सा विश्व के महज ढ़ाई फीसदी भूभाग पर ही रहने को अभिशप्त है। जाहिर है कि किसी भी देश की जनसंख्या तेज गति से बढ़ेगी तो वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी उसी के अनुरूप बढ़ता जाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो आज दुनियाभर में करीब एक अरब लोग भुखमरी के शिकार हैं और अगर वैश्विक आबादी बढ़ती रही तो भुखमरी की समस्या बहुत बड़ी वैश्विक समस्या बन जाएगी, जिससे निपटना इतना आसान नहीं होगा। बढ़ती आबादी के कारण ही दुनियाभर में तेल, प्राकृतिक गैसों, कोयला इत्यादि ऊर्जा के संसाधनों पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। जिस अनुपात में भारत में आबादी बढ़ रही है, उस अनुपात में उसके लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य, चिकित्सा इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। आर्थिक असमानता की बढ़ती खाई भी बढ़ती आबादी के इस दौर में बड़ी चुनौती बनकर उभरकर रही है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस का भी इस संबंध में मानना है कि यदि दुनिया धनाढ्यों और वंचितों के बीच की खाई को खत्म नहीं करेगी तो यह आबादी, तनाव, संकट और संघर्षों से भरी रहेगी। इस समय चीन की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.426 अरब है और उसके बाद भारत की आबादी 1.412 अरब है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि 2050 तक भारत की आबादी 1.668 अरब हो जाएगी जबकि चीन की आबादी उस समय 1.317 अरब रहने का अनुमान है।

# अन्य देशों के साथ संबंधों के निर्माण में भारतीय सिनेमा

पिछले 100 वर्षों से, सिनेमा एक महत्वपूर्ण संचार उपकरण बन गया है जो राष्ट्रीय राजनीतिक सीमा से परे फैलता है और लोगों को जोड़ता है। विशेष रूप से भारतीय सिनेमा में, जो एक वैश्विक उद्यम है और पूरे दक्षिण एशिया में व्यापक दर्शक वर्ग है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से फैल रहा है, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने और मजबूत करने में एक संभावित उपकरण बन सकता है। भारतीय सिनेमा की जीवंतता, विविधता और कल्पना वास्तव में अद्भुत है। "ऐसी कई कहानियां हैं जिसे भारत को दुनिया को दिखाने की जरूरत है। समकालीन भारत की कलात्मक कल्पना आज अधिकांश फिल्मों में दिखाई देती है। खुशी की बात है कि हमारा क्षेत्रीय सिनेमा बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों से कई दमदार फिल्में आ रही हैं। भारतीय सिनेमा हमारे देश की विशाल विविधता को दशार्ता है जो विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं का घर है। इस तरह की सांस्कृतिक और धार्मिक प्रथाएं भी दुनिया के कई हिस्सों में व्यापक रूप से प्रचलित हैं। इस संबंध में भारतीय सिनेमा अन्य देशों के साथ सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दे सकता है। भारतीय सिनेमा दुनिया भर में भारतीय शास्त्रीय परंपराओं को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, हाल ही में कांटारा (एक कन्नड़ फिल्म) जो स्थानीय कन्नड़ परंपरा को दशार्ती है, विदेशों में कई देशों में रिलीज हुई थी। भारतीय सिनेमा विदेशों में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने में भी मदद करता है। भारतीय सिनेमा पुरानी परंपराओं के साथ-साथ आधुनिकता का संगम भी दिखाता है। उदाहरण के लिए, पैडमैन जैसी भारतीय फिल्में महिलाओं के लिए सामाजिक विकास में भारतीय अनुभव को दशार्ती हैं जो मध्य-पूर्व में स्थित राष्ट्रों को प्रेरित कर सकती हैं। इसके अलावा, हाल ही में भारतीय सिनेमा महिला सशक्तीकरण (जैसे, मैरी कॉम, शाबाश मिठू आदि) पर गहन रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाले देशों द्वारा भी जोर दिया जाता है। भारतीय सिनेमा भारत के कई हिस्सों की सामाजिक परिस्थितियों को भी दशार्ता है जो विभिन्न राष्ट्रों के लोगों के बीच अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता और बंधन पैदा कर सकता है। भारतीय सिनेमा का वैश्विक हिस्सा बहुत बढ़ रहा है। यह कई देशों में बढ़ती आर्थिक उपस्थिति के साथ-साथ भारी मात्रा में राजस्व उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, दंगल चीन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली गैर-हॉलीवुड विदेशी फिल्म थी।कई भारतीय फिल्में विदेशों में फिल्माई जाती हैं जो विदेशी राष्ट्रों के उपकरणों और तकनीकों का भी उपयोग करती हैं जो राष्ट्रों के बीच आर्थिक संबंध बनाने में मदद कर सकती हैं। भारतीय सिनेमा पड़ोस की भाषाओं का उपशीर्षक संस्करण प्रदान करके, रेस्तरां और विदेशों में सार्वजनिक स्थानों पर इसका प्रचार करके अपनी आर्थिक उपस्थिति बढ़ा सकता है। जबकि एक सॉफ्ट पावर के रूप में भारतीय सिनेमा की क्षमता का काफी हद तक उपयोग नहीं किया गया है, जिसका यदि लाभ उठाया जाए तो अपरिवर्तनीय लाभ पैदा हो सकता है। यह मॉडल फिल्म नीति तैयार करने, प्रौद्योगिकी के उपयोग में वृद्धि, विभिन्न फिल्म संस्थानों के साथ आईसीसीआर सहयोग आदि के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। वैश्विक बाजार में खुद को आकर्षक बनाने के लिए किसी राष्ट्र की वैचारिक क्षमताएं समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहलू बन गई है। सिनेमा राष्ट्र की ब्रांडिंग के प्रयासों में प्रमुख भूमिका निभा सकता है। तेजी से हुए उदारीकरण, नियंत्रण में छूट, मीडिया और संस्कृति के निजीकरण ने पिछले कुछ दशकों में भारतीय फिल्म उद्योग को बदल दिया है, और साथ ही वैश्विक डिजिटल मीडिया उद्योगों और वितरण प्रौद्योगिकियों के विस्तार ने भारतीय मनोरंजन चैनलों और फिल्में का वैश्विक मीडिया में अधिक से अधिक उपस्थिति और दृश्यता सुनिश्चित की है।

# राहुल का बयान और महाराष्ट्र की राजनीति

**-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

वीर सावरकर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से महाराष्ट्र में राजनीति तेज हो गई है। शिवसेना उद्धव गुट के प्रवक्ता संजय राउत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए वीर सावरकर विरोधी बयान से नाराज होकर महा विकास आघाड़ी नामक गठबंधन तोडने की चेतावनी दे डाली। उद्धव ठाकरे द्वारा उक्त बयान से असहमति व्यक्त करने के बाद उनके प्रवक्ता द्वारा गठबंधन से अलग होने की बात इस बात का संकेत है कि उनको अब कांग्रेस के साथ जुडने का नुकसान समझ में आने लगा।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी राहुल गांधी के इस बयान से असहमति जताई है। उन्होंने कहा कि हमारे मन में वीर सावरकर के लिए बहुत सम्मान और विश्वास है और इसे मिटाया नहीं जा सकता। उद्धव ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि वे सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं देते? आदित्य ठाकरे ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी के बयान पर कहा कि मेरा भी वही स्टैंड का जो पार्टी के अन्य नेताओं का है। आदित्य इसी हफ्ते कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के साथ शामिल हुए थे।

सही बात ये है कि स्व. बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना जिस रास्ते पर चलती आई उसमें कांग्रेस और राकांपा के साथ हाथ मिलाने की गुंजाईश ही नहीं थी। यद्यपि बीते कुछ सालों में बेमेल गठबंधन का सबसे बड़ा उदाहरण जम्मू कश्मीर में भाजपा और पीडीपी की मिली जुली सरकार रही। लेकिन बाद में ये स्पष्ट हो गया कि भाजपा ने वह पांसा बहुत ही सोच समझकर चला था। विनायक दामोदर सावरकर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पहले से ही डावांडोल महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों को साथ रहने में असहज कर चुकी है. उद्धव ठाकरे ने तो पहले ही दूरी बना ली थी, लगता है शरद पवार की तरफ से भी जल्दी ही हाथ खड़े कर दिये जाएंगे- और फिर सोनिया गांधी को सॉरी सुनना पड़ेगा।

इसीलिए जब महबूबा मुफ्ती की सरकार गिराने के बाद धारा 370 को मोदी सरकार द्वारा विलोपित किया गया तो वह पाप भी पुण्य में बदल गया। उसके ठीक विपरीत उद्धव ने श्री राउत और रांकापा नेता शरद पवार के चक्रव्यूह में फंसकर अपनी फजीहत करवा ली। भाजपा के साथ दशकों पुराना उनका गठबंधन दरअसल हिंदुत्व और राष्ट्रवाद पर आधारित था। लेकिन अपने स्वर्गीय पिता की दूरगामी सोच के विरुद्ध जाते हुए उद्धव ने सत्ता का मोह पाल लिया। भले ही वे मुख्यमंत्री बन बैठे और उनके बेटे आदित्य को भी सत्ता का सुख मिल गया परन्तु शिवसेना की पूरी पुण्याई समंदर में डूब गयी। मुम्बई में आतंकवाद के सरगना दाउद इब्राहीम के संरक्षक होने का आरोप शिवसेना जिन श्री पवार पर लगाया करती थी उन्हीं की शरण में उद्धव का जाकर बैठ जाना पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों को हजम नहीं हो रहा था।

स्मरणीय है कि गांधी परिवार शिवसेना के साथ गलबहियां करने के प्रति अनिच्छुक था किन्तु श्री पवार ने सोनिया गांधी से मिलकर उनको राजी कर लिया। लेकिन खींचातानी खत्म नहीं हुई और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आगामी चुनाव अलग लडने की घोषणा दोहराते रहे। पूर्व में भी श्री गांधी ने वीर सावरकर के बारे में तमाम ऐसी बातें कहीं जिनसे शिवसेना आगबबूला तो हुई लेकिन सत्ता गंवाने का साहस श्री ठाकरे न दिखा सके और बड़ी-बड़ी बातें करने वाले श्री राउत भी मिमियाकर रह गए। सही बात ये है कि कांग्रेस उस सरकार में आधे-अधूरे मन से शामिल थी क्योंकि सत्ता की असली मलाई शिवसेना और राकांपा खा रही थी। बावजूद उसके शिवसेना में अंतर्विरोध उभरने लगे क्योंकि ठाकरे परिवार और श्री राउत जैसे कुछ दरबारियों को ही पूरा लाभ मिल रहा था। अंततरू वह गठबंधन बिखराव का शिकार हो गया और अवसर की तलाश में बैठी भाजपा ने एकनाथ शिंदे की ताजपोशी करवाकर साबित कर दिया कि राजनीति केवल संभावनाओं ही नहीं अपितु आश्चर्यचकित करने वाली बातों की भी समानार्थी है।

महा विकास आघाड़ी सरकार के गिरने से राकांपा और कांग्रेस का तो कुछ गया नहीं लेकिन उद्धव ठाकरे का समूचा राजनीतिक वैभव खत्म हो गया। यदि श्री पवार और कांग्रेस उनकी सरकार गिराते तब उनके पास पिता की विरासत तो रहती। लेकिन श्री शिंदे ज्यादा चतुर निकले जिन्होंने हिंदुत्व से भटकने का आरोप लगाकर उद्धव से सत्ता तो छीनी ही, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह भी विवादग्रस्त बना दिया। कुल मिलाकर श्री ठाकरे उस खेल में न इधर के रहे न उधर के रहे वाली हास्यास्पद स्थिति में आ खड़े हुए। यही कारण है कि उनकी नाराजगी से बेफिक्र होकर श्री गांधी लगातार वीर सावरकर के विरुद्ध कुछ न कुछ कहते रहे।

इन्तेहा तो तब हो गई जब महाराष्ट्र आकर उन्होंने वही हिमाकत की जिसके बाद श्री राउत को गठबंधन छोडने की धमकी देनी पड़ी। इस प्रकार कांग्रेस ने उद्धव को बुरी तरह फंसा लिया है। यदि वे गठबंधन तोड़ते हैं तब राहुल मुसलमानों को खुश करने में कामयाब हो जायेंगे जो कांग्रेस और शिवसेना की जुगलबंदी से खफा होकर असदुद्दीन ओवैसी में संभावनाएं देखने लगे थे और यदि उद्धव आघाड़ी से पृथक नहीं होते तो हिन्दुओं के बीच उनका बचा-खुचा जनाधार भी दरक जाएगा। एक संभावना ये भी जन्म ले सकती है कि वे दोबारा भाजपा के साथ आयें और एकनाथ शिंदे को आगे रखते हुए शिवसेना के एकीकरण की स्थितियां उत्पन्न होने दें। दरअसल उनकी समझ में आ गया है कि श्री शिंदे और भाजपा का गठजोड़ हिन्दू मतों को आकर्षित करने में सक्षम है जबकि कांग्रेस और रांकपा के साथ रहकर भी वे मुस्लिम मतों को आकर्षित नहीं कर सकेंगे। जमानत पर जेल से बाहर आते ही श्री राउत ने जिस तरह से शिंदे सरकार द्वारा किये गए अच्छे कार्यों को सराहा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मिलने की इच्छा व्यक्त की वह किसी रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

शिवसेना को तोड़ने के लिए तो बीजेपी को बड़े ही पापड़ बेलने पड़े थे, लेकिन महाविकास आघाड़ी को तो राहुल गांधी के एक बयान ने सूली के करीब खड़ा कर दिया है- बस, चढ़ना भर बाकी है। उद्धव ठाकरे के अगुवाई वाले शिवसेना धड़े का स्टैंड तो पहले ही साफ हो गया था, जेल से रिहा होने के बाद धीरे धीरे नॉर्मल हो रहे संजय राउत के बयान के बाद तो ऐसा ही लगता है। ऐसा लगता है महाराष्ट्र के मामले में भी राहुल गांधी ने पंजाब जैसा ही रवैया अख्तियार कर लिया है, आगे का रास्ता तो मिलता जुलता ही लग रहा है। पंजाब में तो कांग्रेस को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के फैसले गलत साबित हुए थे, लेकिन खलनायक के रूप में नवजोत सिंह सिद्धू के किरदार को सामने ला दिया. खुद तो दशार्नी घोड़ा बन ही गये, कांग्रेस को भी कहीं का नहीं छोड़ा। खास बात ये है कि महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले पर भी राहुल गांधी पहले की तरह सिद्धू जैसा ही स्नेह उंड़ेलते रहे हैं। बल्कि सिद्धू के मुकाबले थोड़ा ज्यादा ही और एकबारगी तो ऐसा ही लगता है जैसे नाना पटोले ने ही महाराष्ट्र में सावरकर विवाद का ताना बाना बुन रखा हो।

बहरहाल वीर सावरकर के बहाने उद्धव अपने राजनीतिक पाप धोने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें वे कितने सफल होंगे ये कहना कठिन है क्योंकि भाजपा दोबारा दबाव की राजनीति को सहन करने के पहले दस बार सोचेगी। वैसे भी उद्धव और आदित्य दोनों अपनी आक्रामकता और विश्वसनीयता गँवा चुके हैं इसलिए वे जिसके साथ रहेंगे उसके लिए बोझ साबित होंगे। शायद श्री गांधी ने भी यही सोचकर महाराष्ट्र में ही सावरकर जी पर निशाना साधा ताकि ठाकरे परिवार खुद गठबंधन से दूर हो जाए।

-चिकित्सक एवं लेखक





बहरहाल
वीर सावरकर के बहाने उद्धव अपने राजनीतिक पाप धोने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें वे कितने सफल होंगे ये कहना कठिन है क्योंकि भाजपा दोबारा दबाव की राजनीति को सहन करने के पहले दस बार सोचेगी। वैसे भी उद्धव और आदित्य दोनों अपनी आक्रामकता और विश्वसनीयता गँवा चुके हैं इसलिए वे जिसके साथ रहेंगे उसके लिए बोझ साबित होंगे। शायद श्री गांधी ने भी यही सोचकर महाराष्ट्र में ही सावरकर जी पर निशाना साधा ताकि ठाकरे परिवार खुद गठबंधन से दूर हो जाए।

# वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर, सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनिया में भारत मान्यताओं कहावतों, पुराणों पंक्तियों, धार्मिक गाथाओं बलि रीति रिवाजों अंकगणित के अंकों सहित अनेक सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आदि अनादि काल से चलता आ रहा है। पौराणिक काल से ही भारत में यह प्रथाएं चलती आ रही है। परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं कि, अनेक कुप्रथाओं और नकारात्मक सोच वाली कुछ गतिविधियों पर शासकीय स्तरपर कानून बनाकर, या कुछ प्रथाओं को सामाजिक व्यक्तिगत या घरेलू स्तरपर बंद करने की कोशिशें की गई है। परंतु अभी भी कुछ कुप्रथाओं या विपरीत नकारात्मक सोच शुरू है जिन्हें शासकीय या सामाजिक स्तरपर बंद नहीं किया जासकता। केवल जनता जनार्दन द्वारा जन जागरण अभियान चलाकर ही बंद किया जा सकता है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण कहावत 3 और 13 के आंकड़े की है, जिसे अशुभ माना जाता है हालांकि इन आंकड़ों के कई सफलताओं की गाथाओं में से सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन में 3 और 13 का महत्व है। उनकी राजनीत सफलताओं में 13 मई 1996 को पहली बार पीएम की शपथ लिए, 13 दिन बाद सरकार गिरी, दोबारा 13 महीने बाद पीएम बने, तीसरी बार पीएम बने तो 13 दिनों की साझा सरकार थी। 13 अप्रैल 1999 को शपथ ली तो पूरे 5 साल चली। 2004 के चुनाव में 13 अप्रैल को ही नामांकन भरा, इस प्रकार 13 का आंकड़ा उनके जीवन में साए की तरह चलता रहा। इन आंकड़ों के अनेक सफलताओं के भावों को देखा जा सकता है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ मन को सकारात्मक सोच नहीं ढालें। साथियों बात अगर हम तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा वाली कहावत की करें तो, वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। हम 3 या 13 के आंकड़े से डरते हैं या उससे दूर भागने की कोशिश करते हैं, अशुभ मानते हैं परंतु हम अगर तीन के सकारात्मक दृष्टिकोण और अपने मन को सकारात्मक सोच में ढालें तो सफलता की गाथाएं हमारे जीवन से जुड़ जाएगी। साथियों बात अगर हम 3 पर सकारात्मक सोचकी करें तोइसके पीछे की सच्चाई यह है कि कुछ लोग हमको अंधविश्वास में विश्वास दिलाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ होता ही नहीं कोई संख्या किसी काम को निर्धारित नहीं करती ना ही उसके भविष्य को, अगर हमको लगता है कि 3 लोग किसी काम को मिलकर कर रहे हैं तो वह काम गड़बड़ हो जाएगा तो यह हमारी गलतफहमी है, इसे दूर कर अंधविश्वासों से दूर रहें और सकारात्मक सोच वाले कुछ उदाहरणों को देखें। अखिल सृष्टि के देवता, तीनों देव ब्रह्मा, विष?णु और महेश की संयुक?त मूर्ति अधिकतर तस?वीरों में मिलती है। लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती भी तीन हैं ।शंकर जी भोले बाबा का तिलक तीन रेखाओं में और त्रिशूल भी तीन शूलों से बना होता है। जब भी हम मंदिर में जाते हैं, तो तीन परिक्रमा के लिए ही कहा जाता है। पूजा के बाद आरती भी तीन बार लेकर भक?तजन प्रफुल्लित हो जाते हैं ।पूजन करते वक?त मुख शुद्धि के लिए तीन बार आचमन किया जाता है और तीन ईष?टदेव, कुलदेव और स?थानदेव का ध?यान किया जाता है। हमारी उंगलियों की तरफ ध?यान से देखें तो प्रत?येक उंगली के पोर में तीन रेखाएं होती हैं। खेल प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को ही घोषित किया जाता है। जल को भी तीन भागों में भी बांटा जाता है ठोस, द्रव और गैस। समय को भी तीन कालों में बांटा गयाहै- वर्तमानकाल भूतकाल औरभविष?यकाल। सिगनल भी तीन होते हैं, लाल, पीला और हरा। घड़ी की सुईया भी तीन होती हैं। हम गौर करें कि हम गाड़ी से सफर कर रहे होते हैं, वहां भी तीन स?लीपर बर्थ होती हैं-लोअर, मिडल औरअपर। जब दौड़ शुरू की जाती है तो उसका प्रारम्?भ?ा भी तीन गिन?ने के बाद शुरू होता है। हमारे देश में या और अन्य देशों में भी सेनाओं को तीन भागों में बांटा गया है जल सेना, थल सेना और वायु सेना। नदियों का संगम भी तीन नदियों से ही होता है । त्रिदेव का स्मरण करके अपने ईष?टदेव की पूजा करते समय तीन अगरबत्ती जलाने को शुभ माना जाता है। मौसम भी तीन होते हैं-सर्दी, गर्मी और बरसात । आज भी हम स्नेह मिलन तीन बार करते हैं। पूरे विश्व में त्रिगुनात्मक शक्ति सर्वोपरी मानी जाती है। मानव जीवन में भी मुख्य तीन अवस्थायें होती हैं बाल्यकाल, यौवन अवस्था और वृद्धावस्था।

साथियों तीन का प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही द?ष्टि से हमारे जीवन पर प्रभाव डालता है। इसलिये हमें कभी भी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिये क्योंकि हम जैसा सोचते हैं हमारे जीवन में वैसा ही होता है । हमारा मन सबसे सशक्त व शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास, आशा व सुंदर विचारों को रखना चाहिये। साथियों बात अगर हम 3 पर नकारात्मक सोचकी करें तो शंकर भगवान को विनाशकारी कहा जाता है क्योंकि उनके तीन नेत्र हैं, जब किसी व्यक्ति को गलत काम करने पर डांटा जाता है तो उसे थर्ड क्लास कहा जाता है। मुस्लिम धर्म में तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोलने पर तलाक हो जाता है, जिसपर अभी कानून बन गया है ।पुलिस थर्ड डिग्री के आधार पर अपराधी से अपराध स्वीकार करवाती है जो अत्याधिक पीड़ादायक है। शरीर में स्वास्थ्य बिगडने की सबसे बड़ी समस्या वात, पित्त और कफ मानी जाती है । किसी भी घर में गणेश जी की तीन मूर्तियां रखना शुभ नहीं माना जाता है । तृतीय श्रेणी की नौकरी को अच्छा नहीं माना जाता है इसे सम्मानित द?ष्टि से नहीं देखा जाता है। यहां लोग तीन तिगड़ा काम बिगाड़ा वाली सोच का संज्ञान लेते हैं जो एक नकारात्मक सोच है इसे बदलकर सकारात्मक सकारात्मक सोच में लाना चाहिए।

साथियों एक से दस तक के अंको में तीन अंक खास है हमारे जीवन में सम और विषम अंक दोनो ही काफी महत?व रखते हैं, कभी-कभी तीन अंक को लेकर सकारात?मक और नकारात?मक सोच पर अच?छी खासी बहस हो जाती है। जैसे तीन सदस?यों को एक साथ घर से शुभ?ा काम के लिए नहीं निकलना चाहिए। देखा जाए तो तीन अंक को काफी शुभ माना गया है। पूजन के बाद हम आचमन करते हैं, तो प?ंडित तीन बार हमारी अंजली में पवित्र जल प्रदान करते हैं।

विचारों की माला तो
विश्वास के फूलों से बनती है,
यदि इसमें प्रेम रस भरा हो तो
सारे जहां की खुशी मिलती है ।
अगर मन की धड़कती आवाज
सुनने की आदत हो तो
दिल की कही हर बात भली लगती है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि तीन तिगड़ा काम बिगड़ा, आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें, वर्तमान आधुनिक डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। जीवन में हम जैसा सोचते हैं वैसा हमारा मन हो जाता है जो सशक्त और शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास आशा और सुंदर विचारों को रखें।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

# नशा मुक्त भारत चाहता है सुमित

**प्रभुनाथ शुक्ल**

देश के के 22 राज्यों के लगभग पांच करोड़ लोगों को जागरूक करने के लिए काशियाना फाउंडेशन की तरफ से नशा मुक्त भारत यात्रा का आगाज बुद्ध के पंचशील सिद्धांत से प्रेरित है। जहां भगवान बुद्ध ने मानव जाति को नशा से मुक्त करने की लिए न केवल संदेश दिया था बल्कि उसके उपायों को भी सुझाया था। सुमित सिंह ने बताया कि भारत को नशामुक्ति करने के लिए 24 जनवरी से 06 मार्च 2023 यात्रा चलेगी। काशी से कश्मीर तक की नशा मुक्त भारत यात्रा 1500 किमी की दूरी तय करेगी। 40 दिन की यात्रा में 22 राज्य कवर होंगे। नशामुक्ति के लिए यह युवा पुरी तरह समर्पित है। नशामुक्ति के लिए बेहतर काम करने के लिए कई सुमित सिंह को कई पुरस्कार भी मिले हैं।

काशी से लेकर कश्मीर तक की यह यात्रा कई मामलों में बेहद महत्वपूर्ण और अनोखी है। काशियाना भारत के हर नागरिक से मानवता के इस महायज्ञ में थोड़ी-थोड़ी आहुति की भी आशा रखता है। सर्वे भवंतु नशामुक्त : के ध्येय वाक्य को अपना आदर्श सूत्र मानकर काम कर रहे काशियाना फाउंडेशन की झोली में तमाम सी उपलब्धिया है जिन पर कोई भी भारतीय नागरिक गौरव से झूम सकता है। काशी से एक अद्भुत विचार निकला जो आज पूरे देश के प्रत्येक कोने पर न केवल लोगों के कल्याण हेतु कार्य कर रहा है बल्कि एक नए समाज का निर्माण करने में अपनी महती भूमिका भी अदा कर रहा है।

काशी निवासी युवा सुमित ने नशे की धुंध में उड़ते देश के भविष्य को फिर से संवारने का बीड़ा उठाया है। 26 साल का यह युवा उम्र से भले ही युवा है मगर सोच विचार और सामाजिक अनुभवों के मामले में अपनी उम्र के दोगुना आयु वाले लोगों को विचलित कर देता है। सुमित समाज के उस वर्ग से आते हैं , जिन्हें खुद कुआं खोदकर पानी पीना पड़ता है। देश के हिंदी भाषी क्षेत्र पूर्वांचल के एक नवसृजित जिले भदोही में जन्मे सुमित के कुछ कर गुजरने का यह जुनून ही था कि अपने करियर को एक तरफ रख समाज की चिंतन में खुद को समर्पित कर लिया सुमित बताते हैं कि हमें रामायण और महाभारत में तमाम ऐसी घटनाएं देखने को मिलेगी जहां कई वंशों का नाश केवल मदिरा और नशे के कारण हुआ। के साथी प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक भारत तक नशे के दुष्परिणाम को हम देखते ही आए हैं। अल्पायु में ही मां के सुख से वंचित हो चुके सुमित ने न केवल भारत माता को अपनी माता मान लिया बल्कि भारत माता की सभी संतानों से सहोदरों की भांति व्यवहार भी करने लगे।



अध्यात्म और संस्कृति का झंडा बुलंद करने वाली बनारस की गलियों में सुमित से तमाम ऐसे युवा टकराने लगे जिनकी हालत दिन-ब-दिन नशे के कारण गंभीर होती जा रही थी। शराबी बाप और पति से पिटने वाली महिलाओं और बच्चों की चित्कार अब सुमित की नींद उड़ाने लगी थी। यह उम्र सुमित के कैरियर बनाने की थी, अगर सुमित ने अपने सहपाठियों की परवाह किए बिना अपने लक्ष्य के प्रति तेजी से बढ़ने लगे। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि अभी तक बुद्ध की राह पर कदम बढ़ा चुके सुमित के पास अपना कोई गुरु नहीं था। मगर सुमित का सहज और सौम्य व्यवहार हर किसी को उनका मुरीद बना लेता था। खाते ,पीते सोते जागते पढ़ते ,लिखते हमेशा राष्ट्र सेवा की भावना से ओतप्रोत रहने वाले सुमित ने बहुत कम दिन में काशियाना फाउंडेशन को काशी से निकालकर देश के प्रत्येक कोने पर पहुंचा दिया। कहा जाता है कि समाज में जब कोई अच्छा कार्य करता हैं तो तमाम लोग प्रेरित होकर उससे जुड़ते भी हैं ।ठीक ऐसा ही सुमित के पास साथ भी हुआ, सुमित मंजिल की तरफ अकेले बड़ी थी मगर अब सुमित के पास हजारों सदस्यों का अपना कारवां है। पढ़ने लिखने में बेहद होनहार सुमित ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद भदोही से बनारस का रुख किया। बनारस की फक्कड़ आबोहवा ,सुमित का सामाजिक मिजाज जब काशी विद्यापीठ की मैदानों से टकराया तो एक विभूति गढ़ देने वाला विचार सुमित के मन में बिजली की तरफ कौंधा।

इस विचार को आगे बढ़ाने के लिए जब सुमित ने समाज में कदम रखा तो कई प्रकार के जोखिमों से उनकी रूबरू मुलाकात हुई, मगर सुमित के हौसलों के सामने इन समस्याओं की कोई भी साथ नजर नहीं आई।आज काशियान फाउंडेशन को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बखूबी जानते हैं कई बार मंचों से उन्होंने सुमित और सुमित के संस्था को सराहा भी है।वेश्यावृत्ति के धंधे से बजबजाती मंडुआडीह की गलियों में सुमित ने एक नया प्रकाश जलाया है। अपने अथक प्रयासों और कभी ना हार मानने वाली जिद के बलबूते सुमित ने मंडुआडीह की करीब 100 परिवारों को गोद लेकर उन्हें न केवल वेश्यावृत्ति के कीचड़ से निकाला बल्कि उनके बच्चों को पढ़ाई लिखाई की तरफ भेजने का काम भी किया। आज वहां की बच्चे लगभग नशे से मुक्त होकर अपना उज्जवल भविष्य तलाशने के लिए शहर के नामी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं।

काशियाना फाउंडेशन की बदौलत आज न केवल बनारस बदल रहा है बल्कि हिंदुस्तान की क्षितिज पर एक नए विचारों का उत्तोलन भी हो रहा है, हम यह बात कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं समझते कि काशियाना एक दिन पूरे देश से नशे को समूल नष्ट कर देगी।

# छात्रायें करें महिला पुलिस से सम्पर्कः सविता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बनाये रखने को मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती सविता श्रीवास्तव ने महिला पुलिस टीम के साथ गोष्ठी की।

सोमवार को छत्रपति साहूजी महिला महाविद्यालय कर्वी में हुई गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सविता श्रीवास्तव ने कहा कि महिला थाना छात्राओं की सुरक्षा व सहायता को संकल्पबद्ध है। उन्होंने शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा,




1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर छात्राओं को जागरूक किया।

उन्होंने इस मौके पर छात्राओं को जागरूकता पम्पलेट बांटे। पम्पलेट विद्यालय में भी चस्पा किये। छात्राओं से कहा कि कोई समस्या होने पर तत्काल महिला पुलिस से सम्पर्क करें। समस्या का तत्काल निदान किया जायेगा।

# कार्यकत्रियों को दुलार ने दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था दुलार पिरामल फाउंडेशन ने पुष्टाहार एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनबाडियों के सहयोग से जीरो से छह वर्ष तक के बच्चों के माता-पिता को मोबाइल नम्बर 8068971703 से मिस काल कर पंजीयन कराने के बाद लाभार्थी के मोबाइल पर प्रतिदिन रिकार्ड काल आना शुरू हो जाती है।

सोमवार को दुलार के तहत तीन विषयों पर लाभार्थी को जानकारी दी जाती है। शालापूर्व शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सुरक्षा



एवं देखभाल पर दो मिनट के रिकार्ड काल से विभिन्न जानकारियां दी जाती हैं। ये जानकारियां बच्चों के लिए बहुत उपयोगी होती है। वर्तमान में दुलार में पंजीयन कराने को दिये नम्बर पर मिस काल करनी होती है। काल वापस आने पर जनपद कोड 2 दबाना होता है। इससे जनपद नाम से पंजीयन हो जाता है।

इस सुविधा से लाभार्थी घर बैठे अपने बच्चों के विषय में विभिन्न जानकारी करते हैं। विशेषज्ञ काल की रिकार्डिंग करते हैं। बेहतर ढंग से लाभार्थी को बताने के प्रयास करते हैं। बच्चों की देखरेख को ऐसे टिप्स बताये जाते हैं, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक विकास में सहायक होते हैं। दुलार में सभी आंगनबाडी कार्यकत्रियों को पिरामिल फाउंडेशन डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीड विमल कुमार प्रशिक्षण देते हैं। आज उन्होंने पहाडी ब्लाक के दो सेक्टर की आंनगबाडी कार्यकत्रियों को आईसीडीएस कार्यालय पहाडी में प्रशिक्षण दिया।

## पत्रकार व तिवारी रेस्टोरेंट के संचालक मोनू तिवारी की कार हुई चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**सफीपुर उन्नाव ।** कस्बे में वाहन चोरों का आतंक दिन सोमवार को बीती रात चोरों ने तिवारी रेस्टोरेंट से पार कर दी पत्रकार की कार जानकारी के अनुसार नगर में उन्नाव हरदोई रोड पर स्थित नवीन तिवारी रेस्टोरेंट के संचालक पत्रकार सौरभ तिवारी उर्फ मोंनू की मारूति 800 कार नंबर यूपी 78 आ 1800 जो सफीपुर कोतवाली से मात्र कुछ ही कदमों की दूरी पर स्थित उनके प्रतिष्ठान तिवारी रेस्टोरेंट पर खड़ी थी। जिसे बीती रात वाहन चोरों ने पार कर दिया! वहीं कस्बे के मियागंज रोड पर स्थित मकान के निचले हिस्से से एक मोटर बाइक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से भी एक पल्सर टू व्हीलर के चोरी हो जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि पड़ताल जारी है! 2 दिनों के अंदर एक कार और दो मोटरसाइकिलों के चोरी हो जाने से लोगों में आक्रोश व स्थानीय पुलिस के प्रति दिखी नाराजगी।

## थाना बेहटा मुजावर में महिला का तालाब में मिला शव

**अखंड भारत संदेश**



**बांगरमऊ उन्नाव ।** थाना बेहटा मुजावर के गांव बेहटा मे रहने वाली एक महिला का शव तालाब में मिला पति से पूछताछ करने में पति ने पत्नी को बताया कि वह मानसिक रोगी थी। शाम को वह घर के बाहर लेटा था। और उसकी पत्नी घर के अन्दर लेटी थी पता नहीं कब उसकी पत्नी दरवाजे खोल कर बाहर निकल गई। सुबह जब वह 5 बजे सोकर उठा घर के अन्दर देखा कि बिस्तर खाली पडा है। पत्नी गायब हैं तो उसने खोजबीन शुरू की थोड़ी देर बाद जानकारी मिली कि उसकी पत्नी का शव तालाब में तैर रहा है। यह सब जानकारी मिलते ही कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बेहटा मुजावर में अवधेश की पत्नी रुचि का शव तालाब में मिला। अवधेश का कहना है कि उसकी दवा चल रही है। तालाब में पैर फिसलने से वह डूब गई होगी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को बरामद कर लिया। मायके पक्ष के लोगों के पहुंचने पर उन्होंने हत्या की जाने की बात कही है। रुचि अपने पीछे तीन बेटियां और एक 6 महीने के दूधमुंहे बच्चे को छोड़कर चली गई आगे की कार्यवाही पुलिस ने शुरू कर दी है।

## गंजमुरादाबाद में खंड विकास स्तरीय मेला और प्रदर्शनीय का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**गंजमुरादाबाद उन्नाव ।** विकास खण्ड गंज मुरादाबाद में सोमवार को किसान जागरूकता अभियान शुरू किया गया। सुदृढ़ीकरण, पराली न जलाने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। किसानों के केवाईसी न हो पाने से किसान सम्मान निधि की धनराशि उनके बैंक खाते में नहीं आई है। उन किसानों की केवाईसी के लिए एक काउंटर लगाया गया था। बीज की जानकारी पैदावार बढ़ाने के सभी नियम बताए गए महिलाओं की सम्भावित जानकारी रोगों की जानकारी बच्चों के देखभाल के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ के द्वारा भी काउंटर लगाया गया। इसी प्रकार से किसानों की सभी समस्याओं को सही और उनकी जानकारी के लिए 7 कांउटरों को लगाया गया था। बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने कार्यक्रम की शुरूआत की और सभागार में बैठे सभी किसानों की बारी बारी समास्याओं को सुना। जो किसानों की कुछ समस्याएं मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा तुंरत सही करने को विधायक ने कहा जिन किसानों की समास्याएं नहीं हल हुई उन किसानों को पूरी जानकारी देने और सभी कागज उपलब्ध कराने पर सही करने के लिए अधिकारियों को बताया गया है। कार्यक्रम में मौजूद विधायक श्रीकांत कटियार, चेयरमैन गंज मुरादाबाद रामनरेश कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल, खंड विकास अधिकारी सुरेन्द्र सिंह,के साथ सभी अधिकारी मौजूद रहे किसानों से बात करने पर किसानों ने बताया कि कुछ समस्याएं सही हो गई है और कुछ बाद में सही कराने के लिए अधिकारियों ने कहा है किसानों की संख्या काफी अधिक थी किसान काफी संतुष्ट नजर आ रहे थे कृषि उत्पादन बढ़ाने के और कीटनाशक,खाद का सही इस्तेमाल करने की विधि बताई गई है किसानों को उपकरणों पर मिलने वाली छूट का भी तरीका बताया गया एक एक करके सभी लोगों ने किसानों को सभी विषयों की जानकारी दी गई है ।

## 27 को होगी दल मुक्त भारत के लिए बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दल मुक्त भारत के लिए जनसंसद की बैठक 27 नवम्बर को सवेरे दस बजे से शाम चार बजे तक अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान रानीपुर भट्ट सीतापुर में होगी।

सोमवार को ये जानकारी देते हुए समाजसेवी/पत्रकार रामपाल त्रिपाठी ने बताया कि दल मुक्त भारत क्यों और कैसे हो सकता है, जिसे लोकतंत्र कहकर दुनिया में प्रचारित किया जा रहा है। कम लोग ही जानते हैं कि यह लोकतंत्र नहीं, दल तंत्र है।

उन्होंने प्रबुद्ध लोगों से अपील की है कि भविष्य के भारत में, भविष्य के लोकतंत्र में खुद को और इंसानियत को देखना चाहते हैं तो ये बैठक आपके लिए है।

## स्कूटी चलाने को छात्रायें बनवायें लाइसेंस



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश यातायात माह नवम्बर में सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत हादसों को रोकने को प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार, टीएसआई योगेश कुमार व यातायात पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर सडक हादसों से बचने के प्रति जागरूक किया।

सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज कर्वी में हुई गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार चैधरी व टीएसआई योगेश कुमार यादव ने कहा कि सडक पर चलते समय यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करें। विद्यालय की छात्राओं को वूमेन हेल्पलाइन नम्बर 1090, डायल 112 के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। यातायात नियमों की बाबत पम्पलेट बांटे।

यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने छात्राओं को बताया कि स्कूटी चलाने को ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवायें। साइकिल से विद्यालय आने वाली छात्राओं को सडक पर बाईं तरफ चलने के प्रति प्रेरित किया। वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। जागरूकता गोष्ठी में कालेज की प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, समाजसेवी पंकज अग्रवाल, यातायात सिपाही मदन कुमार, नौसाद अली, चन्द्रवीर सिंह व छात्रायें मौजूद रहीं।

## दबंग शुक्ला परिवार धूमिल कर रहा सरकार की छवि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के हनुमानगंज लौरी गांव के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार सिंह पटेल ने पुलिस महानिदेशक समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि रामनगर ब्लाक के लौरी गांव के रमेशचन्द्र शुक्ला पुत्र चन्द्रशेखर शुक्ला व उसके दोनों दबंग पुत्र एवं भाई छोटा शुक्ला ने शासकीय सम्पत्ति को क्षति पहुंचाते हुए अवैध ढंग से भूमि पर कब्जा किये हैं। प्रधान व उसके परिवार को गाली-गलौज कर अपहरण व जान से मारने की धमकी देते हैं।

सोमवार को रामनगर ब्लाक के हनुमानगंज लौरी गांव के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार सिंह पटेल ने पुलिस महानिदेशक समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि सरकार की छवि धूमिल करने को रमेशचन्द्र शुक्ला आदि बेवजह आरोप लगाते हैं। उसकी पत्नी के खिलाफ शुक्ला की पत्नी प्रधानी का चुनाव लडी थी। चुनाव में हारने पर प्रधान श्रीमती पुष्पलता पटेल के कार्यों में वह सहयोग करते हैं। ऐसे में उसके सगे भाई सूबे के मंत्री आशीष पटेल व बहू केन्द्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल को जोडकर आरोप लगाते हैं, ताकि वह शुक्ला के शासकीय भूमि पर कब्जे का विरोध न कर सकें। इसी खुन्नस से रमेशचन्द्र शुक्ला आदि जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा किये हैं। शराब का अवैध कारोबार करते हैं। रमेशचन्द्र शुक्ला ने फर्जी ढंग से वसीयत कराकर एक वृद्धा की सम्पत्ति भी हडप लिया है।

उन्होंने रमेशचन्द्र शुक्ला के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है, कहा है कि पूरा क्षेत्र दबंग शुक्ला परिवार से त्रस्त है। ईमानदारी से जांच कराने पर खुलासा हो जायेगा। खुद को कथित तौर पर भाजपा नेता बताकर रमेशचन्द्र शुक्ला कभी बसपा का प्रचार तो कभी सपा का प्रचार करता है। मौका परस्ती इसके खून में है।

## राजघाट पुल पर ई-रिक्शा छोड़ कर गंगा में कूदा चालक, हो रही तलाश

**वाराणसी।** वाराणसी-चंदौली को जोड़ने वाले राजघाट पुल (मालवीय पुल) से सोमवार को एक ई-रिक्शा चालक ने वाहन रोककर गंगा नदी में छलांग लगा दी। यह देख राहगीरों ने शोर मचाया तो मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक के ई-रिक्शा, मोबाइल को अपने कब्जे में लेकर गोताखोरों को बुलाया। वाहन से चालक की शिनाख्त होने पर परिजनों को घटना की जानकारी दी गई।

वाराणसी के बड़ी बाजार (जैतपुरा) निवासी इमरान अहमद (22) वल्द मो. हारून एक साल से ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

प्रतिदिन की भांति आज भी ई-रिक्शा लेकर इमरान घर से निकला। घर से निकलने के बाद इधर-उधर घुमने के बाद ई-रिक्शा से राजघाट पुल पर पहुंचा। वाहन को किनारे कर मोबाइल और चप्पल सीट पर रख वाहन से उतरा। कुछ देर इधर-उधर देखने के बाद गंगा में कूद गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुल पर पहुंचे परिजनों ने पूछताछ में बताया कि कुछ दिनों से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। छोटी उम्र में ही जिम्मेदारी का अहसास होने पर ई-रिक्शा चलवाने लगा था। आदमपुर और रामनगर पुलिस ने इमरान की तलाश में स्थानीय गोताखोरों को लगाया है।

# पुलिस पर पथराव मामले में सांसद और चेयरमैन समेत 16 को सजा, सीजेएम ने सुनाया निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान आवागमन बाधित, पुलिस पर पथराव करने के मामले में न्यायालय ने बांदा-चित्रकूट सांसद, नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व विधायक समेत 16 लोगों को दोषी करार देकर एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक आरोपी को पांच-पांच सौ रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

सोमवार को अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ आनंद ने बताया कि 16 सितंबर 2009 को तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी चंद्रधर गौड़ ने समाजवादी पार्टी के धरना प्रदर्शन दौरान हुए बवाल के बाद कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, तत्कालीन सांसद आरके सिंह पटेल सपा नेताओं के साथ रेलवे ट्रैक पर जाम लगाए थे। जिनको समझाने के बाद पुलिस ने ट्रैक खाली कराकर ट्रेन को आगे बढ़वाया था। यहां से निकलने के बाद सपाइयों ने ट्रैफिक चैराहे कर्वी में आकर राजमार्ग जाम कर दिया। शाम पांच बजे राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को देने के बाद पुनः सपा नेताओं ने पटेल तिराहे पर आवागमन बाधित कर दिया।



प्रदर्शनकारियों को समझाने के दौरान सपा नेताओं ने गाली-गलौज करते हुए पुलिस पर पथराव किया। जिससे कांस्टेबल सुरेश कुमार, मन्ना सिंह, रतन सिंह, शेखर शर्मा, जमुना प्रसाद व शिवलाल आदि कर्मचारी घायल हो गए। इस दौरान गुलाब खां व राजेंद्र शुक्ला ने बस स्टैंड में प्रतीकात्मक पुतला दहन किया तथा महेंद्र गुलाटी इन दोनों को बाइक से लेकर भाग गया।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इस मामले में सांसद आरके सिंह पटेल, सपा नेता सत्यनारायण पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, निर्भय सिंह उर्फ संतू सिंह, शक्ति प्रताप सिंह, भइयालाल यादव, राजबहादुर सिंह यादव, गौरीशंकर मिश्रा, भोलानाथ खंगार, कुबेर पटेल, विनय प्रकाश, हरीगोपाल मिश्रा उर्फ बबलू, वर्तमान कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कमल मौर्य, मनोज सिंह, रामगोपाल केशरवानी, सुनील सिंह, मो गुलाब खां, राजेंद्र शुक्ला व महेंद्र गुलाटी के विरुद्ध न्यायालय में धारा 147, 332, 353, 336, 323, 504 भादसं व सेवन क्रिमनल ला एमेंडमेंट एक्ट तथा 6 संयुक्त प्रांत विशेष शक्ति अधिनियम के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई दौरान एक आरोपी सपा नेता राजबहादुर यादव पुत्र सुखराम यादव की मृत्यु हो गई थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने निर्णय सुनाया। जिसमें धारा 147, धारा 323 सपठित 149 भादसं के तहत दोषसिद्ध होने पर सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सत्यनारायण पटेल, निर्भय सिंह, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भइयालाल यादव, गौरीशंकर मिश्रा, भोलानाथ खंगार, कुबेर पटेल, रामगोपाल केशरवानी, विनय प्रकाश पांडेय, हरीगोपाल उर्फ बबलू, कमल मौर्या, सुनील सिंह व मनोज सिंह को एक-एक वर्ष साधारण कारावास व पांच-पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा आरोपी गुलाब खां, महेंद्र गुलाटी व राजेंद्र शुक्ला को धारा 6 संयुक्त प्रांत विशेष व्यक्ति अधिनियम के तहत एक-एक माह के साधारण कारावास से दंडित किया। दोषसिद्ध और सजा के निर्णय के बाद न्यायालय ने सभी आरोपियों को अपील होने तक के लिए जमानत दे दी है। इस मामले में सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि 2009 में सांसद रहते हुए विभिन्न मुद्दों को लेकर चार दिवसीय धरना प्रदर्शन शान्तिपूर्ण ढंग से किया था। धरना समाप्ति के दिन पटेल तिराहे पर सूचना देकर शान्तिपूर्ण सभा की थी।

# चित्रकूट जेल में बन्द झुन्ना पंडित की धमकी भरी चिट्ठी देने बनारस गया युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माफिया मुख्तार अंसारी के गुर्गे और चित्रकूट जेल में बन्द झुन्ना पंडित उर्फ श्रीप्रकाश मिश्रा के नाम पर बनारस के एक डॉक्टर से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने झुन्ना पंडित के नाम पर धमकी भरी चिट्ठी लेकर डॉक्टर के नर्सिंग होम पहुंचे। शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी शिनाख्त चन्दौली के बसगांवा निवासी जयप्रकाश यादव के तौर पर हुई है।

सोमवार को बताया गया कि चिट्ठी लेकर आये जयप्रकाश यादव को अस्पताल के प्रबंधक दीपक सिंह ने बताया कि रविवार की रात एक युवक आया और पूंछा कि डॉ दीपक कहां हैं। उसे बताया गया कि वह नहीं है तो उसने एक चिट्ठी पकडाई और कहा कि डॉ दीपक को दे देना। चिट्ठी में बदमाश झुन्ना पंडित के नाम से दस लाख रुपये की रंगदारी मांगने की बात पढकर अस्पताल स्टाफ ने युवक को पकड लिया। सूचना कैंट थाना पुलिस को दी। बदमाश झुन्ना पंडित और उसके गिरोह के नौ बदमाशों के खिलाफ 17 अक्टूबर को गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी। चित्रकूट जेल में बन्द झुन्ना पंडित के खिलाफ पूर्वांचल के अलग-अलग जिलों के अलावा पंजाब समेत अन्य राज्यों में गम्भीर अपराधों के 46 मामले दर्ज हैं। तीन माह पहले उसने शिवपुर निवासी डॉ आरएस पटेल से भी बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। गिरफ्त में आये युवक के मोबाइल की काल डिटेल पुलिस खंगाल रही है।

# नानी के घर से 11 वर्षीय बालिका का फिरौती के लिए अपहरण

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में अपने नाना-नानी के घर रह रही 11 वर्षीय मासूम बच्ची का अज्ञात व्यक्ति ने फिरौती के लिए अपहरण कर लिया। अपहरणकताओं ने बच्ची को छोड़ने की एवज में बच्ची के पिता से तीन दिन में 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी है। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है और पुलिस ने पांच टीमों का गठन कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक दुबे ने बताया कि सोनीपत गांव टोकी मनोली के रहने वाले मोन सिंह की शादी वर्ष 2009 में नंदग्राम के नई बस्ती में रहने वाली ममता से हुई थी, जिनसे उनकी दो संतान खुशी और विवेक हैं। मोन सिंह की जून 2015 में सड़क हादसे में मृत्यु के बाद ममता की शादी उसके देवर सोनू से हो गई। दोनों से एक बेटा अर्जुन है।

खुशी (11 साल) वर्तमान में नई बस्ती में अपने नाना विजेंद्र और नानी शांति देवी के पास रहती थी। रविवार को खुशी की तबीयत खराब थी, उसे नहलाने के बाद घर में अकेला छोड़ शांति देवी अपने पति विजेंद्र के साथ घास लेने के लिए गई हुई थी। दोपहर में करीब 12 बजे जब वह घर वापस आई तो घर पर ताला लगा मिला। रविवार दोपहर 1:42 बजे पर सोनू के पास किसी अंजान नंबर से फोन आया, फोन करने वाले ने खुशी के अपहरण की बात कहकर उनसे 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी। जिसके बाद मोबाइल नंबर आउट ऑफ रिच हो गया। जब सोनू ने अपने साले सतीश को फोन किया तो खुशी के लापता होने की खबर मिली। नाना और नानी ने घटना की शिकायत नंदग्राम थाने में दी। काफी प्रयास के बाद दोपहर करीब 3:35 बजे जिस नंबर से फोन आया था, उस पर फोन लगाया। सोनू ने खुशी और काल करने वाले के बारे में पूछा तो उसने कहा कि ज्यादा जानने की कोशिश मत करो जो कहा है वो करो, तुम्हारे पास 30 लाख रुपये का इंतजाम करने के लिए सिर्फ 3 दिन का समय है। इंतजाम करलो वरना अंजाम बुरा होगा। सीओ सिहानीगेट आलोक दुबे ने बताया पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अपराध दीक्षा शर्मा के नेतृत्व में पांच टीमों का गठन किया गया है।

# पुलिस मुठभेड़ के बाद एनसीआर का शातिर बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दिल्ली एनसीआर में सक्रिय शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने बेहटा अंडर पास पर मोटरसाइकिल सवार को चेकिंग के दौरान रोका तो वे अपनी मोटरसाइकिल को घूमाने लगे और पुलिस पर फायरिंग कर दी। तब लोनी बॉर्डर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलाई और घेराबंदी भी शुरू की।

इस दौरान पुलिस की गोली एक बदमाश को लगी और वह गिर गया। जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सागर निवासी 25 फुटा सरस्वती विहार थाना लोनी गाजियाबाद बताया। दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

# इंडोनेशिया में 5.6 तीव्रता का भूकंप: 20 की मौत, 300 से ज्यादा घायल; दहशत में लोगों ने इमारतें खाली कीं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जकार्ता में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इस दौरान 20 लोगों की जान चली गई। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। सियांजुर के प्रशासन के प्रमुख हरमन सुहरमन ने बताया कि अभी मुझे जो जानकारी मिली है, उसके हिसाब से सिर्फ एक ही अस्पताल में करीब 20 लोगों की मौत हो गई है और कम से कम 300 लोगों का इलाज चल रहा है। ज्यादातर को इमारतों में फंसने के कारण फ्रैक्चर हुआ है। हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है।

मौसम और भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि सोमवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पश्चिम जावा के



सियानजुर में 10 किमी की गहराई में था। हालांकि, इसके कारण सुनामी आने की कोई संभावना नहीं जताई गई है। जानकारी के मुताबिक, जकार्ता में भूकंप के बाद लोग घबरा गए। अपने दफ्तरों में बैठकर काम कर रहे लोग भी बाहर निकल आए। भूकंप के झटकों की वजह से बिल्डिंग हिलते हुई दिखाई दी। इससे अफरा-तफरी मच गई।

इससे पहले पश्चिम इंडोनेशिया में शुक्रवार रात जोरदार भूकंप आया था। राहत की बात यह थी कि इस दौरान किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं आई। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया था कि भूकंप की तीव्रता 6.9 थी। इसका केंद्र दक्षिण बेंगकुलू के दक्षिण पश्चिम में 202 किलोमीटर दूर 25 किमी की गहराई में था। इसके बाद एक और झटका आया था, जिसकी तीव्रता 5.4 थी।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव पर बरसा उत्तर कोरिया, गुतारेस को बताया अमेरिका की कठपुतली

**प्योंग्यांग।** उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चो सन हुई ने उनके देश के हालिया अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) परीक्षण की अमेरिका के साथ मिलकर निंदा किए जाने को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की आलोचना की। हुई ने गुतारेस को 'अमेरिका की कठपुतली' भी करार दिया। गुतारेस ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया के आईसीबीएम परीक्षण की कड़ी निंदा करते हुए एक बयान जारी किया था और उससे 'किसी भी भड़काऊ कार्रवाई को तुरंत रोकने' का अपना आह्वान दोहराया था।उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने विदेश मंत्री चो सन हुई के हवाले से एक बयान में कहा, ''मैं अक्सर संयुक्त राष्ट्र महासचिव को अमरिका के व्हाइट हाउस या



विदेश मंत्रालय का एक सदस्य पाता हूं।'' उन्होंने कहा, ''इस तथ्य पर अपना गहरा खेद व्यक्त करता हूं कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्य एवं सिद्धांतों और सभी मामलों में निष्पक्षता एवं समानता बनाए रखने के अपने उचित मिशन को दरकिनार करते हुए बेहद निंदनीय रवैया अपनाया है।'' हुई ने आरोप लगाया कि गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उत्तर कोरिया के आईसीबीएम परीक्षण की निंदा करते समय अमेरिका और उसके सहयोगियों की कार्रवाइयों को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वह अमेरिका की कठपुतली हैं।'' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने जापान के अनुरोध पर उत्तर कोरिया के आईसीबीएम प्रक्षेपण पर सोमवार सुबह एक आपात बैठक बुलाई है। हालांकि, अभी स्पष्ट नहीं है कि इस बैठक में उत्तर कोरिया पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाने का फैसला किया जा सकता है या नहीं, क्योंकि परिषद के स्थायी सदस्य चीन और रूस ने अमेरिका व उसके सहयोगियों के बैलिस्टिक मिसाइलों के परीक्षणों को लेकर उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाने का इस साल की शुरुआत में कड़ा विरोध किया था। जी7 समूह के सदस्य देशों के शीर्ष राजनयिकों ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी कर उत्तर कोरियाई मिसाइल प्रक्षेपण के जवाब में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा कड़े कदम उठाने का आह्वान किया था।जी7 सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने एक बयान में कहा था, ''उत्तर कोरिया की कार्रवाइयों की अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकसाथ कड़ी निंदा करनी चाहिए। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा और अधिक महत्वपूर्ण कदम उठाने की भी जरूरत है।'' जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को एक और अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया का हथियारों का परीक्षण करने का मकसद अपने परमाणु शस्त्रागार को बढ़ाना और अंततः कूटनीतिक वार्ता में दबाव की रणनीति के जरिये अधिक रियायतें हासिल करना है।

# रूस ने नौ माह में यूक्रेन पर दागीं 4700 से ज्यादा मिसाइलें, सैकड़ों शहर बर्बाद

**कीव।** नौ माह से जारी रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, अपने देश की तबाही की दास्तां बयां करते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि नौ माहों में रूस ने 4700 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। इन हमलों में सैकड़ों शहर बर्बाद हो गए हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जारी वीडियो संबोधन में कहा कि यूक्रेन पर हमले के लिए रूस मिसाइलों का जमकर उपयोग कर रहा है। रूस ने यूक्रेन पर इसी साल 24 फरवरी को हमला बोला था। बीते करीब 270 दिनों में रूस ने यूक्रेन पर 4,700 से ज्यादा प्रक्षेपास्त्र दागकर उसे एक खंडहर देश में तब्दील कर दिया है। जंग में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।

रूसी हमलों में यूक्रेन के सैकड़ों शहर बर्बाद हो गए। सैकड़ों लोगों समेत हजारों लोगों की मौत हुई है। यूक्रेन के 30 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित होकर पड़ोसी देशों में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। जहां रूस ने कब्जा कर लिया है, वहां से लोगों को भी जबर्दस्ती रूस भेजा गया। जो इसके लिए तैयार नहीं हुए, उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दुनिया को अपने देश की हालत बताते हुए अपने संदेश में कहा कि रूस के हमलों की वजह से देश के करीब 20 लाख लोग बिना बिजली के जीवन जीने को मजबूर हैं। रूसी हमलों में यूक्रेन की बिजली व संचार आपूर्ति पर भी बुरा असर पड़ा है। बिजली आपूर्ति ठप होने से कड़ाके की ठंड में लोगों को बगैर बिजली रहना पड़ रहा है। रूसी खतरे के कारण यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों के दो रिएक्टर बंद कर दिए गए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमलों से यूक्रेन का आधे से अधिक बिजली क्षेत्र तबाह हो चुका है। तापमान लगातार गिर रहा है और लोगों की मुसीबतें बढ़ रही हैं। इससे पहले यूक्रेन ने रविवार को सनसनीखेज आरोप लगाया था कि पश्चिमी देश उस पर रूस के सामने सरेंडर करने का दबाव बना रहे हैं। यूक्रेन ने दावा किया कि वह जंग जीत रहा है, लेकिन रूस शांतिवार्ता की आड़ में फिर ताकत जुटाते हुए यूक्रेन पर हमले करके ज्यादा जमीन हड़प सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले दिनों यूक्रेन को शांति वार्ता के लिए रुख नरम करने की सलाह दी थी।

जेलेंस्की के सलाहकार मायख्येलो पोदोल्याक ने कहा, यूक्रेन जंग के मैदान में रूस को पटखनी देते हुए अपनी खोई हुई जमीन वापस हासिल कर रहा है। युद्ध के इस पड़ाव पर पश्चिमी की तरफ से रूस से समझौता करने का दबाव सीधे तौर पर यूक्रेन से रूस के सामने सरेंडर करने की मांग जैसा है।

# अमेरिका के कोलोराडो नाइट क्लब में गोलीबारी, 5 की मौत, 18 घायल

**कोलोराडो।** अमेरिका में बंदूक संस्कृति के चलते असमय मासूमों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। ताजा मामले में कोलोराडो में एक समलैंगिक नाइट क्लब में रात हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और 18 घायल हो गए। कोलोराडो स्प्रिंग्स लेफ्टिनेंट



पामेला कास्त्रो ने मीडियाकर्मियों को बताया कि इस हमले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को फायरिंग की जानकारी के संबंध में फोन आया था।

अधिकारियों ने क्लब के अंदर एक व्यक्ति का पता लगाया जिसे संदिग्ध माना जा रहा था। उसने हमले के मकसद के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और यह कहने से इनकार कर दिया कि शूटिंग में किस तरह के हथियार का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने क्लब के आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। यह कोलोराडो स्प्रिंग्स के बाहरी इलाके में एक स्ट्रिप मॉल में स्थित है। इससे पहले वर्ष 2016 में एक बंदूकधारी ने फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में समलैंगिक नाइट क्लब में 49 लोगों की हत्या कर दी थी।

# '2030 से पहले चांद पर रहने लगेंगे लोग, वहीं करेंगे काम', NASA के अधिकारी ने जताई उम्मीद

**वाशिंगटन।** नासा के एक अधिकारी ने न्यूज वेबसाइट को बताया है कि इस दशक में इंसान लंबे समय तक चांद पर रह सकता है। नासा के ओरियन चंद्र अंतरिक्ष यान कार्यक्रम का नेतृत्व कर



हॉवर्ड हू ने कहा कि इंसान 2030 से पहले चांद पर एक्टिव हो सकते हैं, जिसमें, उनके रहने के लिए बस्ती होंगी और उनके काम को समर्थन करने के लिए रोवर्स होंगे।

# चीन ने तिब्बत पर कसा शिकंजा, हर व्यक्ति पर कड़ी नजर

**ल्हासा (तिब्बत)।** चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने ल्हासा में एक नया और बड़ा डेटा आपरेशन सेंटर खोला है। ये सेंटर अब विशेषज्ञों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की आंखों में खटकने लगा है। इन जानकारों का मानना है कि चीन की सरकार ने यह सेंटर यहां के लोगों पर और यहां की आबादी पर निगाह रखने के मकसद से खोला है।

यह लोग कहते हैं कि चीन यहां के लोगों की हर चीज पर कड़ी नजर रखना चाहता है। इस बड़े डेटा सेंटर की शुरुआत पिछले महीने हुई है। इस प्रतिक्रिया पर चीन का सरकारी मीडिया कहता है कि क्षेत्रीय स्तर पर डेटा इंटीग्रेशन और एप्लीकेशन शेयरिंग की राह में सरकार का ये पहला और बड़ा कदम है।

चीन के स्टेट मीडिया ने यहां तक कहा है कि इस सेंटर से यहां डिजिटल सर्विस को रफ्तार मिलेगी। सरकारी कामकाज, आर्थिक प्रगति, सोशल गवर्नेंस, लोगों का जीवन स्तर, मार्केट सुपरविजन, वित्त, सीमा सुरक्षा, इकोलाजिकल एनवायरमेंट, सुरक्षा, आपातकालीन सेवा और मदद के अलावा कल्चरल और टूरिज्म को भी लाभ होगा। मगर मानवाधिकार कार्यकर्ता इसे झूठा करार देते हैं।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि चीन सरकार शुरुआत से ही यहां के लोगों के साथ दोहरा रवैया अपनाती आई है। चीन की सरकार तिब्बत के लोगों की



आजादी छीन लेना चाहती है और उनके ऊपर कई तरह के प्रतिबंध लगाना चाहती है। उल्लेखनीय है कि सितंबर में न्यूयार्क आधारित ह्यूमन राइट्स वाचडाग ने एक रिपोर्ट जारी कर इस बारे में जानकारी दी थी कि चीन सरकार तिब्बत के लोगों पर शिकंजा कड़ा करने और इन पर निगाह रखने के मकसद से कुछ बड़ा करने वाली है। इसमें यहां तक कहा गया था कि चीन तिब्बत के लोगों का डीएनए सैंपल ले रहा है। तिब्बत आटानोमस रीजन के कई गांवों, कस्बों में अब तक हजारों लोगों का डीएनए सैंपल लिया जा चुका है।

ह्यूमन राइट्स वाचडाग ने कहा था कि तिब्बत के लोगों को ये अधिकार नहीं है कि वो इसके लिए इनकार कर सकें। इसी वर्ष अप्रैल में ल्हासा सभी छोटे बच्चों और उनके माता-पिता का डीएनए सैंपल लिया गया था। इससे पहले दिसंबर 2020 में तिब्बत के किंघाई प्रांत में भी सभी लड़कों का डीएनए सैंपल जमाया कराया गया था।

# नेपाल में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव, कई दिग्गज की प्रतिष्ठा दांव पर

**मटना/मोतिहार।** नेपाल के पर्सा, बारा, समेत समूचे नेपाल में सुबह सात बजे से उत्सवी माहौल में मतदान शुरू हुआ जो शाम छह बजे संपन्न हो गया। चुनाव में की दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में अधिक उत्साह देखा गया। सुबह से ही बूथो पर मतदान करने के लिए लोगों का लंबी कतारें देखी गयीं। शांतिपूर्वक संपन्न हुए लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने के लिए महिला से लेकर पुरुषों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रत्येक बूथ पर सशस्त्र सुरक्षा बल, नेपाल पुलिस और एपीएफ की तैनाती की गई थी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम में पल पल के चुनाव की खबर अपडेट की जा रही थी। हल्की नोकझोंक के बीच संपन्न हुए चुनाव में 61 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए



राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पर्वेक्षक तथा नेपाली सेना का बूथ निरीक्षण और पेट्रोलिंग जारी रखा। खाद सामग्री दूध, पानी, गैस, एंबुलेंस और प्रेस लिखी वाहनों के अतिरिक्त कोई वाहन नहीं चली। नेपाल के मधेश प्रदेश में एक पूर्व प्रधानमंत्री तथा तीन पूर्व उप प्रधानमंत्री,एक मुख्य मंत्री तथा दो दर्जन पूर्व मंत्री का प्रतिष्ठा दांव पर है।

नेपाल के सांसद तथा विधायक चुनाव में एक पूर्व उप प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल रौतहट जिला के क्षेत्र एक चुनाव लड़ा है। इसी तरह पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेन्द्र यादव सप्तरी दो, राजेन्द्र महतो सर्लाही दो से तथा मुख्यमंत्री लाल वावू राउत पर्सा एक क से चुनाव मैदान में थे। इसी तरह पूर्व मंत्री तथा लोकतांत्रिक समाजसेवी पार्टी के अध्यक्ष महंथ ठाकुर महोतरी एक से, शरद सिंह भंडारी महोतरी दो से, प्रदीप यादव पर्सा एक से, महेन्द्र यादव धनुषा चार से, मातृका यादव धनुषा एक से जूली महतो धनुषा तीन से महेन्द्र राय यादव सर्लाही दो से चुनाव लड़ रहे हैं। जनमत पार्टी के अध्यक्ष डॉ. सी. के. राउत सप्तरी एक से चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार में गृह मंत्री भरत साह महोतरी एक ख, शैलेन्द्र साह सप्तरी एक क तथा सामाजिक विकास मंत्री नवल किशोर साह सप्तरी एक से सांसद के चुनाव लड़ रहे हैं।

मधेश सरकार के कई मंत्री चुनाव लड़ रहे हैं। जिनकी प्रतिष्ठा दांव पर है। मुख्यमंत्री के पर्सा (वीरगंज) से लड़ने के कारण यह हॉट सीट बना हुआ था।

# यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्र को निशाना बनाने पर रूस को संयुक्त राष्ट्र ने चेताया



**कीव।** यूक्रेन के जापोरिज्जिया में स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र (न्यूक्लियर प्लांट) को निशाना बनाने पर संयुक्त राष्ट्र ने रूस को एक बार फिर कड़ी चेतावनी दी है। इस संयंत्र के पास रूस ने फिर हमले तेज कर दिए हैं। जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर रूस ने युद्ध की शुरुआत के कुछ दिनों बाद ही कब्जा कर लिया था। रूस के कब्जे में आने के बाद से यूक्रेन समेत एक बड़े इलाके में बिजली संकट गहराया हुआ है। संयुक्त राष्ट्र ने संयंत्र के आसपास हो रहे हमलों पर चिंता जताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। यूएन वॉचडाग के प्रमुख ने कहा है कि इन हमलों से इस संयंत्र को खतरा बढ़ गया है। इस पर रूस के बिजली मंत्री ने कहा है कि संयंत्र को लेकर डरने की कोई जरूरत नहीं है। वह पूरी तरह सुरक्षित है। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन युद्ध को दस माह हो चुके हैं।

# वित्त मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ किया विचार-विमर्श

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पूर्व की बैठक में उद्योग, बुनियादी ढांचे और जलवायु परिवर्तन क्षेत्र के हितधारकों के पहले समूहों के साथ विचार-विमर्श किया। सीतारमण ने सोमवार को यहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के बजट के कई मसलों पर चर्चा की। वित्त मंत्री के साथ हुई इस बैठक में उद्योग मंडलों ने अगामी बजट में रोजगार बढ़ाने के उपायों पर ध्यान देने की बात कही। इसके साथ ही उद्योग मंडलों ने सीतारमण को कर आधार तथा खपत बढ़ाने के लिए जीएसटी और व्यक्तिगत आयकर स्लैब को युक्तिसंगत बनाने का सुझाव दिया। बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण के साथ केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और भागवत किशनराव कराड ने भी भाग लिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इराक के किरकुक में आतंकी हमला, सेना के चार जवान शहीद

**बगदाद।** इराक के किरकुक शहर में आतंकी हमले में सेना के चार जवान शहीद हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकियों ने ये हमला किया। आतंकियों ने किरकुक शहर के पास स्थित चेक प्वाइंट को निशाना बनाया। हमले के बाद आतंकी सेना के हथियार और संचार उपकरण भी साथ ले गए। इराक में विगत जनवरी में इसी तरह का आतंकी हमला हुआ था। तब आईएस आतंकियों ने कूबा शहर के अल-अजीम जिले के बैरक को निशाना बनाया था। यहां सैनिक सो रहे थे। तभी आतंकियों ने ताबड़-तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस दौरान एक गार्ड और 11 सैनिकों की मौत हो गई थी। इराक सरकार का कहना था कि आईएस के पास स्लीपर सेल हैं, जो सुरक्षाबलों को लगातार निशाना बना रहे हैं। इराक सरकार इस तरह के हमलों को बड़ी चुनौती मान रही है। इससे छुटकारा पाने के लिए प्लान तैयार करने की बात कह रही है। उल्लेखनीय है कि जुलाई



2016 में इराक की राजधानी बगदाद में आईएस आतंकियों ने हमला कर दिया था। इसमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। ये एक आत्मघाती हमला था। एक ट्रक भीड़-भाड़ वाले इलाके में घुस गया जिसके बाद धमाका हुआ था। सरकार ने देश में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित कर दिया था।

# जी-20 में अमेरिकी शीर्ष अधिकारी ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारिफ

## 2022 को बताया अमेरिका-भारत संबंधों के लिए बड़ा साल

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के इतिहास में 2022 एक बड़ा साल रहा है और वर्ष 2023 और भी बड़ा होने वाला है। प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक संयुक्त बयान पर आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। वाशिंगटन में भारतीय-अमेरिकियों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाइनर ने कहा, 'अमेरिका और उसके राष्ट्रपति जो बाइडन जब दुनियाभर में ऐसे भागीदारों की तलाश करते हैं, जो वास्तव में जिम्मेदारियों का भार उठाने में मदद कर सकते हैं, जो वास्तव में



वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं, तब भारत और उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूची में काफी ऊपर मिलते हैं। 'उन्होंने कहा, 'हमने इस तथ्य को जी-20 शिखर सम्मेलन में देखा, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने एक संयुक्त बयान पर अलग-अलग रुख वाले देशों के समूह के बीच आम सहमति बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। हमने इस तथ्य को प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार के अन्य सदस्यों के उन कार्यों और टिप्पणियों में भी देखा है, जो उन्होंने परमाणु मुद्दे पर बढ़ते जोखिम को उजागर करने के लिए की हैं।÷कार्यक्रम में अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन भारत-अमेरिका संबंधों को गति दे रहे हैं, जिनके बीच 15 से अधिक बार मुलाकात हो चुकी है। दोनों नेता आखिरी बार बाली में पिछले हफ्ते आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में मिले थे। भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति के समकालिक स्वरूप को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में दीवाली से लेकर हनुक्का तक, ईद से लेकर बोधि दिवस तक और गुरुपर्व से लेकर क्रिसमस तक विभिन्न धर्मों के त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाए गए।